अश्वत्थामा—(बडे क्रोध से) अरे राधा के गर्भ के भारभूत ! सूत कुलकलङ्क ! तूँ ऐसे २ निन्दा के वाक्य बोलता है ? । [**राधा**—कर्ण की माता का नाम है] ।

कर्ण—चाहे मैं सूत हूँ या सूत का पुत्र हूँ या कोई भी हूँ, कुल में जन्म तो अदृष्टाधीन है, मेरे अधीन तो पराक्रम है शक्ति हो तो आवो ॥ ३५ ॥

अश्वत्थामा—क्या कहते हो, क्या मुझ दुःखित अश्वत्थामा को भी अश्रुओं से प्रतीकार करने का उपदेश देते हो, शस्त्र द्वारा नहीं ! । देखो—

क्या गुरु (परशुरामजी) के शाप के कारण तुमारी तरह हमारे भी शस्त्र निर्वीर्य है ?, क्या तेरे तरह मैं भी युद्धभूमि से अभी भाग कर आया हूँ,

---

१ 'राधायाः सुत'। २ कचित्तु–सूतापसद ! ममापि नामेत्यादिः पाठः । ३ क्वचिन्न ।

gannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

जातोऽहं स्तुतिवंशकीर्तनविदां किं सारथीनां कुले
क्षुद्राराति[१]कृताप्रियं प्रतिकरोम्यस्रेण नास्त्रेण यत्[२]?॥३६॥

कर्णः—(सक्रोधम्) अरे रे वाचाट ! वृथाशस्त्रग्रहण-दुर्विदग्ध ! बटो !

निर्वीर्यं वा सवीर्यं वा मया नोत्सृष्टमायुधम् ।
यथा पाञ्चालभीतेन पित्रा ते बाहुशालिना ॥ ३७ ॥

किम् ? । नैवेत्यर्थः । स्तुतिवंशकीर्त्तनविदां=प्रशंसा–वंशावलीवर्णन-परा-णाम् । सारथीनां=सूतानां । कुले=वंशे । अहं जातोऽस्मि किं ? । त्वमिव तत्र नैव जातोऽहमित्यर्थः । यत्=यतः । क्षुद्रैः–अरातिभिः-शत्रुभिः, कृतम-प्रियं-क्षुद्रारातिकृताऽप्रियं=तुच्छरिपुकृतापकारम् । अस्रेण=अश्रुणा । रोद-नेन । प्रतिकरोमि=अपनयामि । नास्त्रेण=शस्त्रास्त्रादिना न । 'प्रतिकरोमी'ति शेषः । शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ॥ ३६ ॥

वाचाट=बहुगर्ह्यभाषिन् । 'वाचाटो बहुगर्ह्यवाक्', इत्यमरः । वृथेति। वृथाशस्त्रग्रहणमात्रसारेत्यर्थः । बटो=ब्राह्मणपुत्र ।

निर्वीर्यमिति । ममायुधं निर्वीर्यं–निर्बलं भवतु, सवीर्यं वा भवतु, परन्तु तदायुधं मया युद्धे=समरे, नोत्सृष्टं–न त्यक्तम् । पाञ्चालभीतेन=धृष्टद्युम्न-भीतेन । बाहुशालिना = भुजबलगर्वितेन । ते पित्रा–द्रोणेन । यथा=यथा-ऽऽयुधं त्यक्तं । तथा मया न त्यक्तमित्यर्थः ॥ ३७ ॥

क्या तेरे ही तरह लोगों की स्तुति व वंशावलि का गान कर पेट भरने वाले सूत (कोचवानों के) कुल में मेरा भी जन्म हुआ है ? जो मैं क्षुद्र शत्रु से कृत अपमान का वदला आंसुओं से लूं, शस्त्र से न लूं ? ॥ ३६ ॥

कर्ण—(क्रोध से) अरे बकवादी ! झूठे शस्त्र बान्धने वाले वामन के लडके !

मेरे शस्त्र निर्बल हों या सबल, पर मैंने युद्ध में उन्हें तुमारे शूरवीर पिता की तरह—कभी छोडा तो नहीं है ॥ ३७ ॥

---

१ 'कृताऽप्रियः' । २ 'किम्' ।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अश्वत्थामा—(सक्रोधम्) अरे रे रथकारकुलकलङ्क ! अरे राधागर्भभारभूत! आयुधानभिज्ञ,तातमप्यधिक्षिपसि! । अथवा-

स भीरुः शूरो वा प्रथितभुजसारस्त्रिभुवने
कृतं यत्तेनाजौ प्रतिदिन[१]मियं वेत्ति वसुधा ।
'परित्यक्तं शस्त्रं कथ'मिति स सत्यव्रतधरः
पृथासूनुः साक्षी त्वमसि रणभीरो! क नु तदा?॥३८॥

कर्णः—(विहस्य) ए[२]वं, भीरुरहं, त्वं पुनर्विक्रमैकर[३]सः । तव पितरमनुस्मृत्य महान्मे संशयो जातः ! अपि च रे मूढ !

अधिक्षिपसि=निन्दसि । स इति । सः=मत्तातः । भीरुः=कातरः । शूरो वा=वीरो वा । त्रिभुवने=त्रैलोक्ये । प्रथितो भुजयोः सारो यस्यासौ तथा=प्रसिद्धभुजवीर्यः । आजौ=युद्धे । प्रतिदिनं=प्रत्यहम् । यत्=यत्कर्म । तेन कृतं=तेन विहितम् । तत्–इयं वसुधा=इयं रणभूमिः । वेत्ति=जानाति । तेन च–'शस्त्रं कथं त्यक्तम्' इति=इत्यत्र तु । सः=प्रसिद्धः । सत्यव्रतधरः= सत्यव्रतधारी । पृथासूनुः=पार्थो युधिष्ठिर एव । साक्षी=साक्षाद्द्रष्टा । स एव वेत्ति । हे रणभीरो=कातर । तदा=तस्मिन्समये । क्व नु असि=त्वं कुत्रासीः ? । शिखरिणी वृत्तम् ॥ ३८ ॥

अहं भीरुः=कातरः। त्वं पुनः=त्वं तु । विक्रमे एको रसो यस्यासौ विक्रमैकरसः=पराक्रमपरायणः । एवं=एवमस्तु । संशयः=वक्ष्यमाणप्रकारः सन्देहः ।

मेरे पिताजी शूरवीर थे या डरपोक थे–त्रैलोक्य में उनकी भुजाओं का बल प्रसिद्ध ही था, और उन्होंने प्रति दिन जो भी कार्य युद्ध में किये हैं उनकी साक्षी तो यह पृथ्वी ही है । अर्थात् रणभूमि में पड़े हुए लाखों रुण्ड मुण्ड ही इसके प्रमाण हैं । और उन्होंने युद्ध में शस्त्र क्यों छोड़ दिया था इसका साक्षी वह सत्य-व्रतधारी युधिष्ठिर विद्यमान ही है । परन्तु अरे भीरु (कायर कर्ण) ! तू उस समय कहाँ था ? [तू तो डर के मारे इधर उधर भागता फिरता था] ॥३८॥

कर्ण—(हंसकर) अच्छा, मैं तो डरपोक ही सही, शूरवीर तो तूंही एक

१ 'प्रतिदिशम्' । २ क्वचिन्न ।
३ 'विक्रमैकरसं स्वपितरमनुस्मृत्य न जाने किं करिष्यसीति महान्मे' ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

यदि शस्त्रमुज्झितमशस्त्रपाणयो
न निवारयन्ति किमरीनुदायुधान् ?।
यदनेन मौलिदलनेऽप्युदासितं
सुचिरं स्त्रियेव नृपचक्रसंनिधौ !॥ ३९ ॥

अश्वत्थामा—[सक्रोधं सकम्पं च] । दुरात्मन् ! राजवल्लभ-प्रगल्भ ! सूतापसद ! असंबद्धप्रलापिन् !

स्वसन्देहमेव दर्शयति—यदीति । यदि तव पित्रा शोकेन शस्त्रमुज्झितं=त्यक्तमिति सत्यं भवेत्तथापि—अशस्त्रपाणयः=अशस्त्रा अपि, उदायुधान्=उद्धृतशस्त्रान् । अरीन्=शत्रून् । किं न निवारयन्ति ?। किन्तु निवारयन्त्येव । यत्—अनेन=द्रोणेन। मौलिदलने=शत्रुणा स्वकेशबन्धग्रहणेऽपि। शिरःकर्त्तनेऽपि च । सुचिरं=सुचिरकालं यावत् । नृपचक्रसन्निधौ=राजमण्डल-समक्षम् । स्त्रिया इव=योषितेव । उदासितम्=औदासीन्यमवलम्बितम् । तत्कुत इत्ययमेव मे सन्देह इत्यर्थः । अतिनिर्बलः स आसीदित्याशयः । मञ्जुभाषिणी वृत्तम् ॥ ३८ ॥

राजवल्लभ=राजप्रिय!। अतएव-प्रगल्भ=वाचाट । 'राजवल्लभप्रगल्भे'त्येकं पदम् । असम्बद्धप्रलापिन्=निरर्थकभाषिन् ।

है । अस्तु । अरे मूर्ख ? तेरे पिता के विषय में मुझे एक और भी सन्देह है। वह यह है कि—

यदि उन्होंने (तेरे पिता ने) शस्त्र का त्याग भी कर दिया था तो भी क्या लोग शस्त्र के विना भी शत्रुके आक्रमण को नहीं रोकते हैं, जो उन्होंने (तुम्हारे पिता) स्त्रियों की तरह सब राजाओं के सन्मुख इस प्रकार अपना अपमान कराया। [शत्रु द्वारा शिर पर आघात सहन किया]। बाल पकड कर खीचे जाने पर भी कुछ नहीं किया ? ॥ ३९ ॥

अश्वत्थामा—(बड़े क्रोध से कांपते हुए) अरे दुष्ट ! नीच सूत, बकवादी तूं राजा (दुर्योधन) को मुंह लग्गू होने के कारण बढ़ २ बोल रहा है। अरे दु

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

कथमपि न निषिद्धो दुःखिना भीरुणा वा
द्रुपदतनयपाणिस्तेन पित्रा ममाऽद्य ।
तव भुजबलदर्पाध्मायमानस्य वामः
शिरसि चरण एष न्यस्यते वारयैनम् ॥ ४० ॥
[इति तथा कर्तुमुत्तिष्ठति]।

कृप—दुर्योधनौ—वत्स[1] ! मर्षय मर्षय । [इति निवारयतः] ।
[अश्वत्थामा चरणप्रहारं नाटयति]।

कर्णः—[सक्रोधमुत्थाय, खड्गमाकृष्य] अरे दुरात्मन् ! वाचाट[2] ! ब्रह्मबन्धो, आत्मश्लाघिन्[3] !

कथमपीति । तेन पित्रा—द्रुपदतनयपाणिः=धृष्टद्युम्नहस्तः । दुःखिना=दुःखितेन । भीरुणा वा=भयाकुलेन वा । न निषिद्धः=न निवारितः । किं तस्य चर्चया । परम्- अद्य=सम्प्रति । भुजयोर्बलस्य दर्पेण=गर्वेण, आध्मायमानस्य=विस्मितस्य । गर्वितस्य । उत्फुल्लस्य । तव-शिरसि=मूर्ध्नि । वाम एष चरणः=मदीयः पादो मया । न्यस्यते=दीयते । एनं वारय=चरणं निवारय । 'यदि शक्तिरस्ति चे'दिति शेषः । मालिनी वृत्तम् ॥ ४० ॥

तथाकर्त्तुं=वामं पदं तच्छिरसि निधातुम् । मर्षय=क्षमस्व । नाटयति=नाट्येन सभ्यान् दर्शयति । वाचाट=बहुभाषक । ब्रह्मबन्धो=ब्राह्मणाऽधम । 'ब्रह्मबन्धुरधिक्षेपेऽनिर्द्दिश्ये' इत्यमरः ।

चाहे उन्होंने दुखित होकर या डरकर द्रुपद पुत्र धृष्टद्युम्न का हाथ (उन्होंने) नहीं रोका, परन्तु अपनी भुजाओं के गर्व से फूले हुए तेरे शिर पर मेरा यह बाँया पैर–रखता हूँ उसे सम्हाल । [शक्ति हो तो रोक] ॥ ४० ॥

(ऐसा कह कर कर्ण के शिर पर लात मारने के लिए उठता है) ।

कृप व दुर्योधन—गुरुपुत्र ! जाने दो, जाने दो, क्षमा करो ।

[इस प्रकार उन्हें रोकते हैं] ।

(**अश्वत्थामा**—लात मारता है) ।

कर्ण—[बड़े क्रोध से उठकर तलवार खींचकर] अरे दुष्ट ! नीच ब्राह्मण ! अपनी झूठी प्रशंसा करने वाले !

---

१ 'गुरुपुत्र' । २ क्वचिन्न । ३ 'आत्मश्लाघ' ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

जात्या काममवध्योऽसि चरणं त्विदमुद्धतम् ।
अनेन लूनं खड्गेन पतितं द्रक्ष्यसि क्षितौ ॥ ४१ ॥

अश्वत्थामा—अरे मूढ ! किं नाम 'जात्या काममवध्योऽहम्'। इयं सा जातिः परित्यक्ता।[इति यज्ञोपवीतं छिनत्ति. पुनश्च सक्रोधम्]।

अद्य मिथ्याप्रतिज्ञोऽसौ किरीटी क्रियते मया।
शस्त्रं गृहाण वा, त्यक्त्वा मौलौ वा रचयाञ्जलिम् ॥ ४२ ॥

जात्येति। ब्राह्मणत्वेन । कामं=यथेच्छम् । अवध्यः=अविहिंस्यः। लूनं= छिन्नम् । क्षितौ=भूमौ ॥ ४१ ॥

जातिः=ब्राह्मणत्वम् । तच्चिह्नभूतं-यज्ञोपवीतं छिनत्ति=त्रोटयति।

अद्येति । अर्जुनेन कर्णवधः प्रतिज्ञातः, सम्प्रति कर्णवधेन मयाऽर्जुनो मिथ्याप्रतिज्ञः क्रियते । तत्-शस्त्रं गृहाण, अथवा भीतश्चेत् शस्त्रं परित्यज्य मौलौ= शिरसि, अञ्जलिं विरचय । दयाभिक्षां याचस्वेत्यर्थः । 'तौ युतावञ्जलिः पुमान्' इत्यमरः ॥ ४२ ॥

क्या करूं ब्राह्मणजाति होने के कारण तूं अवध्य है, अच्छा कोई बात नहीं, पर तेरे इस उठे हुए पैर को इस खड्ग से अभी काट कर फंक देता हूँ देख तो सही ॥ ४१ ॥

अश्वत्थामा—अरे मूढ ! यदि मैं ब्राह्मण जाति होने से अवध्य हूँ तो ले इस ब्राह्मण जाति के चिन्ह को ही मैं छोड़ देता हूँ।

[ऐसा कह जनेऊ तोड़ देता है]।

[फिर बड़े क्रोध से]—

आज मै कर्ण को अपने हाथ से मारने की अर्जुन की प्रतिज्ञा को मिथ्या करता हूँ [तुझे मारता हूँ]। यातो शस्त्र उठा, या शस्त्र को छोड़कर शिर पर अञ्जलि बान्ध प्राणों की भीख मांग। (तभी तुम्हें छोड सकता हूँ अन्यथा नहीं) ॥४२॥

---

१ 'जात्या तावद'। २ 'त्वेतदुद्धृतं'।
३ 'वेत्स्यसि'। ४ क्वचिन्न।
५ 'चेदवध्यो'। ६ 'भूमौ निक्षिपति'।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

(उभावपि खड्गमाकृष्याऽन्योन्यं प्रहर्तुमुद्यतौ । कृपदुर्योधनौ निवारयतः) ।

दुर्योधन—सखे ! आचार्यपुत्र ! शस्त्रग्रहणेनाऽलम् ।

कृपः—वत्स सूतपुत्र ! शस्त्रग्रहणनाऽलम् ।

अश्वत्थामा—मातुल, मातुल ! किं निवारयसि । अयमपि तातनिन्दाप्रगल्भः सूतापसदो धृष्टद्युम्नपक्षपात्येव ।

कर्णः—राजन् ! न खल्वहं निवारयितव्यः ।

उपेक्षितानां मन्दानां धीरसत्त्वैरवज्ञया ।
अत्रासितानां क्रोधान्धैर्भवत्येषा विकत्थना ॥ ४३ ॥

उभावपि=अश्वत्थामकर्णौ । अलं=न प्रयोजनम् । मातुल=हे कृप । तातेति । पितृनिन्दापटुरित्यर्थः । उपेक्षितानामिति । धीरसत्त्वैः=धीरसत्त्वशालिभिः । गुरुपराक्रमैः । अवज्ञया=तिरस्कारेण । उपेक्षितानाम्=अनवेक्षितानाम् । अकृतप्रतीकाराणाम् । क्रोधान्धैः=क्रोधाविष्टैः । अत्रासितानां=अतर्जितानाम् । मन्दानां=नीचानाम् । एषा=इयम् । ईदृश्येव । विकत्थना=स्वभुजवीर्यश्लाघा । भवति=जायते । अकृतप्रतीकारा हि नीचा एवमेव प्रगल्भन्ते ऽतः प्रतीकारोऽस्य कर्त्तुमुपचित इत्याशयः ॥ ४३ ॥

[दोनों खड्ग निकालकर आपुस में लड़ने को तैयार होते हैं । कृप और दुर्योधन उन्हें रोकते हैं] ।

दुर्योधन—आचार्यपुत्र ! शस्त्र मत उठाइए, रहने दीजिए ।

कृप—बेटा कर्ण ! जाने दो, तलवार रख दो, लड़ो मत ।

अश्वत्थामा—मामाजी ! मामाजी !! क्यों रोकते हैं, यह भी नीच सूतपुत्र पिताजी की निन्दा करता है अतः धृष्टद्युम्न का पक्षपाती होने के कारण धृष्टद्युम्न की तरह यह भी मेरा वध्य ही है ।

कर्ण—राजन् ! मुझे क्यों रोकते हैं, मत रोकिए ।

धीर व बली पुरुषों द्वारा तिरस्कार की दृष्टि से व उपेक्षा[1] किए गए नीच लोग यदि वे क्रोध पूर्वक दण्डित न किए जायँ तो इसी प्रकार बढ़ २ कर बोला करते हैं, अतः इसकी उपेक्षा उचित नहीं है, इसे दण्ड देना ही युक्त है ॥ ४३ ॥

१ क्वचिन्न ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अश्वत्थामा–राजन् ! मुञ्च मुञ्चैनम् । आसादयतु मद्भुजान्तरनिष्पेषसुलभमसूनामवसादनम् । अन्यच्च राजन् ! स्नेहेन वा कार्येण वा यत्त्वमेनं ताताधिक्षेपकारिणं दुरात्मानं मत्तः परिरक्षितुमिच्छसि तदुभयमपि वृथैव ते[1] । पश्य—

पापः[2] प्रियस्तव कथं गुणिनः सखाऽयं[3]
सूतान्वयः[4] शशधरान्वयसंभवस्य ।
हन्ता किरीटिनमयं[5] नृप ! मुञ्च कुर्यां
क्रोधादकर्णमपृथात्मजमद्य लोकम् ॥ ४४ ॥

(इति प्रहर्तुमिच्छति) ।

एनं=कर्णम् । मद्भुजेति । मद्बाहुयुगलान्तरनिष्पेषसुलभमित्यर्थः । असूनां=प्राणानाम् । अवसादनं=विनाशम् । कार्येण वा=स्वकार्यसिद्ध्यर्थं वा ।

पाप इति । शशधरान्वयसम्भवस्य=चन्द्रवंशोद्भवस्य । गुणिनः=गुणान्वितस्य । तव=भवतः । सूतान्वयः=सूतकुलोत्पन्नः । पापः=दुष्टः । खलः । कथं=कथं नु खलु ? । प्रियःसखा=प्रियसुहृत् । भवितुमर्हतीति शेषः । एवञ्च स्नेहेनास्य रक्षणं न सम्भवति । कार्यार्थमपि नास्य रक्षणमुचितमित्याह–हन्तेति । अयं=कर्ण । किरीटिनम्=अर्जुनम् । हन्ता=हनिष्यति । 'इति तव विचारश्चे'दिति शेषः । नृप ! =हे राजन् । मुञ्च=एनं कर्णं त्यज । अद्य=अद्यैव । क्रोधात्=रोषात् । अकर्णं=कर्णरहितम् । अपृथात्मजम्=अर्जुनशून्यञ्च । लोकं=जगत् । कुर्याम्=अहं करिष्ये । एवञ्च वृथैवाऽस्य रक्षणमित्याशयः । वसन्ततिलका वृत्तम् ॥ ४४ ॥

अश्वत्थामा—राजन् ! इसे छोड़िए, छोड़िए ! मैं इसे भुजाओं के बीच में दवाकर पीसकर वात की वात में मार डालता हूँ । और भी हे राजन् ! स्नेह से या अपने कार्य (मतलव) की सिद्धि के लिए मेरे पिता के इस निन्दक दु… को आप वचाना चाहते हैं । दोनों ही प्रकार से इसका वचाना वृथा है । देखिए—

आप पवित्र चन्द्रवंश में उत्पन्न हैं, गुणी हैं, आपके साथ इस सूतकुलका…

१ क्वचिन्न । २ 'पापप्रियः' । ३ सहायः ।
४ 'सूतात्मजः' ५ 'मसौ' । 'महं' ।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

कर्णः—(खड्गमुद्यम्य) अरे वाचाट ! ब्राह्मणाधम ! अयं न[1] भवसि । राजन् ! मुञ्च मुञ्च । न खल्वहं वारयितव्यः ।

(हन्तुमिच्छति) ।

(दुर्योधनकृपौ निवारयः) ।

दुर्योधनः—कर्ण ! गुरुपुत्र ! कोऽयमद्य युवयोर्व्यामोहः ? ।

कृपः—वत्स ! अन्यदेव प्रस्तुतमन्यत्रावेग इति कोऽयं व्यामोहः ?। स्वबलव्यसनं चेदमस्मिन्काले राजकुलस्यास्य युष्मत्त एव भवतीति वामः[2] पन्थाः ।

वाचाट=हे वहुगर्ह्यवाक् । न भवसि=मत्प्रहारान्मृत एवासि । हन्तुं= अश्वत्थामानं हन्तुम् । व्यामोहः=मूढत्वम् । अनुचिताचरणम् । अन्यदेव= धृष्टद्युम्नवधादिकम् । प्रस्तुतं=प्रसक्तम् । अन्यत्र=परस्परकलहे । आवेगः= आग्रहः । आसक्तिः। संरम्भः। स्वबलव्यसनं=स्वसेनाप्रधानपुरुषकलहविपत्तिः। 'व्यसनं विपदि भ्रंशे दोषे कामजकोपजे' इत्यमरः । अस्मिन् काले=युद्धा-

---

पापी की मित्रता व स्नेह व सहायकता कैसी ? 'और यह अर्जुन को मारेगा' यह भी कारण ठीक नहीं है,अतः हे राजन्! इसे आप छोड़ दीजिए। मैं आज क्रोध से इस लोक (पृथ्वी) को कर्ण व अर्जुन—इन दोनों से रहित कर देता हूँ ॥४४॥

[ऐसा कह तलवार का हाथ चलाना चाहता है]।

कर्ण—[खड्ग उठाकर] अरे वकवादी, ब्राह्मणाधम ! तेरी मौत तेरे शिर पर नाच रही है । ले यह मरा । (दुर्योधन से) राजन् ! छोड़िए छोड़िए ! मुझे मत रोकिए । [अश्वत्थामा को मारना चाहता है] ।

दुर्योधन—कर्ण ! गुरुपुत्र ! यह तुम दोनों की क्या मूर्खता व नासमझी है ? ।

कृप—वत्स ! वात कुछ दूसरी ही प्रस्तुत थी, और तुम दूसरी ही वातों में उलझ रहे हो, कैसी नासमझी है ? असमय में यह आपस का घर में ही झगड़ा खड़ा करना तुम लोगों द्वारा क्या उचित है ? । यह बात तो बहुत ही अनुचित है ।

---

१ 'एवं' । २ 'नायं पन्थाः' ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अश्वत्थामा—मातुल ! न लभ्यतेऽस्य कटुप्रलापिनो रथकार-कुलकलङ्कस्य दर्पः शातयितुम्[1] ।

कृपः—वत्स ! अकालः खलु स्वबलप्रधानविरोधस्य ।

अश्वत्थामा—मातुल ! यद्येवम्

अयं पापो यावन्न निधनमुपेयादरिशरैः
परित्यक्तं तावत्प्रियमपि मयाऽस्त्रं रणमुखे ।
बलानां नाथेऽस्मिन्परिकुपितभीमार्जुनभये
समुत्पन्ने राजा प्रियसखबलं[2] वेत्तु समरे ॥ ४५ ॥

(इति खड्गमुत्सृजति) ।

वसरे । वामः=विरुद्धः ; अनुचितः । कटुप्रलापिनः=कटुभाषिणः । रथकार=सूतः । शातयितुं=नाशयितुम् । अकालः=अनवसरः । एवं=नावसरश्चेत् ।

अयमिति । अयं पापः=खलः कर्णः । निधनं=मृत्युम् । रणमुखे=युद्धप्रसङ्गे । अस्त्रं=शस्त्रम् । अस्मिन्=कर्णे । बलानां=सेनानाम् । नाथे=अधिपतौ सति । समरे=युद्धे । परिकुपितौ यौ भीमार्जुनौ, ताभ्यां भयम् , तस्मिन्=क्रुद्धभीमार्जुनाक्रमणभये । समुत्पन्ने=समुपस्थिते सति । राजा=दुर्योधनः । प्रियश्चासौ सखा च प्रियसखः, तस्य बलं=कर्णबलं । वेत्तु=जानातु । भीमार्जुनभये समुत्पन्ने कर्णस्य बलं ज्ञास्यति दुर्योधन इत्याशयः। शिखरिणी वृत्तम् ॥४५॥

अश्वत्थामा—मामाजी ! तो क्या इस सूत (कोचवानों) कुलकलङ्क का घमण्ड चूर करने का अवसर मुझे नहीं मिलेगा ? ।

कृप—वत्स ! अपनी सेना के प्रधान पुरुष से लड़ने का यह समय नहीं है ।

अश्वत्थामा—अच्छा मामाजी ! यदि ऐसी बात है तो फिर—

जब तक यह पापी कर्ण शत्रुओं के बाणों से मारा नहीं जाता है तब तक के लिए मैं अपने प्यारे अस्त्र शस्त्रों का भी युद्ध में परित्याग करता हूँ । जब यह कौरव सेना का सेनापति हो युद्ध में जायगा और उस समय क्रुद्ध हुए भीम व अर्जुन

---

१ 'शादयितुम्' । २ 'प्रियसखममुं' ।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

कर्णः—(विहस्य) कुलक्रमागतमेवैतद्भवादृशां यदस्त्रपरित्यागो नाम।

अश्वत्थामा—ननु रे ! अपरित्यक्तमपि भवादृशैरायुधं चिरपरित्यक्तमेव, निष्फलत्वात्।

कर्णः—अरे मूढ !

धृतायुधो यावदहं तावदन्यैः किमायुधैः।
यद्वा न सिद्धमस्त्रेण मम, तत्केन सेत्स्यति ? ॥ ४६ ॥

धृतेति। यावदहं धृतायुधः=गृहीतशस्त्रः। अस्मीति शेषः। तावत्=तावत्पर्यन्तम्। अन्यैः=अन्यैर्भवादृशैः कर्तृभिः। आयुधैः=शस्त्रैः करणभूतैः। किं=किं विधेयम्। न किमपीत्यर्थः। सर्वस्याऽर्थस्य मयैव साधितत्वादित्याशयः। केचित्तु-अन्यैः-अन्यधृतैः, आयुधैः-शस्त्रैः किमित्यर्थमाहुः, तन्नातिमनोरमम्। वा=अथवा। यत्=यच्च कार्यं। ममास्त्रेण=मदस्त्रैः। न सिद्धं,तत्केन=केन पुंसा कैरायुधैर्वा सेत्स्यति=सिद्धिं गमिष्यति ?। नैव कथमपि सेत्स्यतीत्यर्थः ॥४६॥

के द्वारा सेना की दुर्दशा होगी—तभी राजा को अपने प्रिय मित्र (कर्ण) की वीरता का असली परिचय मिलेगा। [अर्थात् इसके सेनापतित्व में कौरव सेना नष्ट भ्रष्ट हो जाएगी, तभी राजा दुर्योधन को होश आवेगा ऐसे नहीं] ॥ ४५ ॥

[ऐसा कह खड्ग का त्याग कर देता है]।

कर्ण—[हँसकर] शस्त्र छोडना तो तुम्हारा वंश परम्परागत व्यवहार है।

अश्वत्थामा—तुम्हारे ऐसे कायरों का शस्त्र धारण करना या छोड़ देना दोनों ही समान है, क्योंकि शस्त्र धारण करके ही तुमने क्या कर लिया है।

कर्ण—अरे मूर्ख !

जबतक मैंने शस्त्र धारण कर रखा है तब तक दूसरों के शस्त्रों से क्या प्रयोजन है ?। और जो कार्य मेरे शस्त्रों से सिद्ध नहीं हो सकता उसे दूसरा कौन सिद्ध कर सकता है ? (कोई नहीं) ॥ ४६ ॥

१ **कर्णः**-(विहस्य) अपरित्यक्तमपि भवादृशैरायुधं ननु चिरपरित्यक्तमेव, निष्फलत्वात्। **धृतायुधो यावदहं**'। इत्यादिरीत्या क्वचित्पाठः।

gannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

[नेपथ्ये]

आ दुरात्मन् ! द्रौपदीकेशाम्बराकर्षणमहापातकिन् ! धार्तराष्ट्रापसद! चिरस्य खलु कालस्य मत्संमुखीनमागतोऽसि अरे क्षुद्रपशो ! क्वेदानीं गम्यते ? ।

अपि च--भो भो राधेयदुर्योधनसौबलप्रभृतयः पाण्डवविद्वेषिणश्चापपाणयो मानधनाः ! शृण्वन्तु भवन्तः--

कृष्टा येन शिरोरुहे नृपशुना पाञ्चालराजात्मजा
येनास्याः परिधानमप्यपहृतं राज्ञां गुरूणां पुरः ।

द्रौपद्याः केशानामम्बरस्य च आकर्षणमेव महत्पातकं, तदस्यास्तीति। तत्सम्बुद्धौ रूपम् । हे द्रौपदीकेशवसनाकर्षणमहापापिन् ! । चिरस्य=बहोः। राधेयः=कर्णः । सौबलः=शकुनिः । दुर्योधनमातुलः । चापपाणयः=धनुर्धराः ।

स्पृष्टेति । येन [ना पशुरिव नृपशुः, तेन] नृपशुना=मनुष्यपशुना, पाञ्चालराजात्मजा=द्रौपदी । शिरोरुहे=केशे । स्पृष्टा = धृता । आकृष्टा। येन च-गुरूणां=मान्यानाम् । राज्ञां=नृपाणाम् । पुरः=अग्रे । अस्याः=द्रौपद्याः । परिधानमपि=धौतवस्त्रमपि । अपहृतम्=आकृष्टम् । अपसारि-

---

[नेपथ्य में]

अरे दुरात्मन् ! द्रौपदी के केश पकड़ कर खींचने वाले ! पापी ! नीच! धृतराष्ट्रपुत्र ! बहुत दिन के बाद मेरे सामने आज तू आया है। अरे नीच! मनुष्य पशु ! अब कहाँ जाता है। ठहर !

और भी—अरे ! कर्ण, दुर्योधन, शकुनि प्रभृति मानी, शस्त्रधारी, पाण्डव वैरियो ! तुम सब लोग सुनो !—

जिस नीच नरपशु ने द्रौपदी के बाल पकड़कर खींचे थे, जिसने राजाओं गुरुजनों के सामने उसकी साड़ी पकड़कर खींची थी, जिसकी छाती के खून

---

१ 'म्बरकर्षण' । २ 'मत्संमुखमाग ।
३ क्वचिन्न । ४ स्पृष्टा । ५ 'रुहेषु पशुना' ।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

यस्योरःस्थलशोणितासवमहं पातुं प्रतिज्ञातवा-
न्सोऽयं मद्भुजपञ्जरे निपतितः संरक्षयतां कौरवाः[1]॥४७॥
[सर्वे आकर्णयन्ति]।

अश्वत्थामा[2]—[सोत्प्रासम्] अङ्गराज ! सेनापते ! जामदग्न्या[3]-

---

तम् । यस्य=यस्य च । उरःस्थलशोणितासवं=वक्षस्थलरुधिरमद्यम् । पातुम्=आस्वादयितुम् । अहं=भीमः । प्रतिज्ञातवान्=प्रतिज्ञां कृतवानस्मि । सोऽयं=स एष दुःशासनः । मद्भुजौ पञ्जरमिव तस्मिन् मद्भुजपञ्जरे=मद्बाहुमध्ये । निपतितः=अकस्मात्प्राप्तः । तत्–कौरवाः=हे दुर्योधनप्रभृतयः । संरक्ष्यतां=भवद्भिरयं परिरक्षणीयो यदि भवतां शक्तिरस्ति चेदित्यर्थः । शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ॥ ४७ ॥

सोत्प्रासं=सेषद्धासम् । 'सोत्प्रासस्तु मनाक्स्मितम्' । इत्यमरः । जाम-

---

मदिरा के पीने की मैंने प्रतिज्ञा की थी वही दुष्ट (दुःशासन) आज मेरे भुजाओं के पञ्जर (पिञ्जरे) में आ पड़ा है, हे कौरवो ! सामर्थ्य हो तो इसे बचाओ ! ॥४७॥

[सब सुनते हैं]।

अश्वथामा–(ताने के साथ) हे अङ्गराज ! सेनापते ! जामदग्न्य (परशुराम) शिष्य !, द्रोण की हँसी करनेवाले ! अपनी भुजाओं से त्रैलोक्य को बचाने

---

१ 'कौरवः'

२ 'अश्वत्थामा—(सोपहासम्) अङ्गराज !। कर्णः–किमाह भवान् ?। अश्वत्थामा—सेनापते !। कर्णः—तत्र कः संदेहः ?। अश्वत्थामा—जामदग्न्यशिष्य ?। कर्णः—बाढम् । अश्वत्थामा—द्रोणोपहासिन् !। कर्णः–एवमेतत् । अश्वत्थामा—त्वयोक्तम् । कर्णः—किं मयोक्तम् ?। अश्वत्थामा—धृतायुधो यावदहं (४६) इति पठति । कर्णः—बाढमुक्तम् । अश्वत्थामा—इदं महत्कदनं संवृत्तम् । कर्णः—किं जातम् ?। अश्वत्थामा—भीमः कथयति । कर्णः—किम् ?। अश्वत्थामा—श्रूयताम् । कर्णः—किं ?। कथ्यताम् । अश्वत्थामा—[कृष्टा येन—इत्यादि पठति] 'तद्भीमाद्दुःशासनः संरक्ष्यतां युवराजः ।' पाठा० । ३ 'जामदग्न्यशिष्य'।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

स्त्रशिष्य, द्रोणोपहासिन् ! भुजबलपरिरक्षितसकललोक ! [धृतायुधः (३।४६) इति पठित्वा) इदं तदासन्नतरमेव संवृत्तम् । रक्षैनं साम्प्रतं भीमाद्दुःशासनम् ।

कर्णः—आः का शक्तिर्वृकोदरस्य मयि जीवति युवराजस्य[1]च्छायामप्याक्रमितुम्[2]। युवराज ! न भेतव्यं न भेतव्यम्। अयमहमागतोऽस्मि (इति निष्क्रान्तः)।

अश्वत्थामा—राजन् कौरवनाथ ! अभीष्मद्रोणं संप्रति कौरवबलमालोडयन्तौ भीमार्जुनौ राधेयेनैवंविधेनान्येन वा न शक्येते निवारयितुम् । अतः स्वयमेव भ्रातुः प्रतीकारपरो भव ।

दन्यस्य अस्त्रे–अस्त्रविद्यायां विषये शिष्य । भुजबलेन परिरक्षितः सकलो लोको येनासौ तत्सम्बुद्धौ रूपम् । आसन्नतरं=समीपतरवर्त्ति । संवृत्तं=जातम् । अवसरः समुपस्थित इत्यर्थः । वृकोदरस्य=भीमस्य । मयि=कर्णे । युवराजस्य=दुःशासनस्य । आक्रमितुं=स्प्रष्टुम् । न भेतव्यं=न भीः कार्या । अभीष्मद्रोणं=भीष्मद्रोणरहितम् । कौरवबलं=कौरवसैन्यम् । आलोडयन्तौ=मथ्नन्तौ । एवंविधेन=राधेय (कर्ण) तुल्येन । प्रतीकारपरः=रक्षापरः ।

की शक्ति रखनेवाले ! तुम तो बड़े घमण्ड से कहते थे कि—"मेरे रहते दूसरे के शस्त्र धारण की आवश्यकता ही क्या है ? कौन कार्य है जो मैं नहीं कर सकता हूँ।" अब तो अवसर आ गया । अब इस दुःशासन को भीमसेन से बचाओ तो जानें।

कर्ण—आह ! मेरे रहते युवराज दुःशासन की छाया को भी छूने की किसी की हिम्मत हो सकती है ? युवराज ! डरो मत ! यह मैं आ पहुँचा!

[ऐसा कहता हुआ जाता है] ।

अश्वत्थामा—राजन् ! कौरवेश्वर ! इस समय भीष्म व द्रोण से रहित आपकी सेना को भीम व अर्जुन विध्वंस कर रहे हैं। इस समय कर्ण या कोई दूसरा इन्हें रोक नहीं सकता है। इसलिए आप स्वयं अपने भाई को बचाने की चिन्ता व उपाय करिए । जाइए ।

---

१ 'दुःशासनस्य' । २ 'लङ्घयितुं' ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्योधनः—आः, का[1] शक्तिर्दुरात्मनः[2] पवनतनयस्याऽन्यस्य वा मयि जीवति शस्त्रपाणौ वत्सस्य[3] छायामप्याक्रमितुम्[4]। वत्स! न भेतव्यं न भेतव्यम्। कः कोऽत्र भोः!! रथमुपनय।

(इति निष्क्रान्तः)।

(नेपथ्ये कलकलः)।

अश्वत्थामा—(अग्रतो विलोक्य ससंभ्रमम्) मातुल! हा धिक् कष्टं कष्टम्। एष भ्रातुः प्रतिज्ञाभङ्गभीरुः किरीटी समं दुर्योधनराधेयौ शरवर्षैर्दुर्वारैरभिद्रवति। हा कष्टं कष्टं, सर्वथा पीतं दुःशासनशोणितं भीमेन। न खलु विषहे दुर्योधनानुजस्यैनां विपत्तिमवलोकयितुम्। अनृतमनुमतं नाम। मातुल! शस्त्रं शस्त्रम्।

पवनतनयस्य=वायुपुत्रस्य भीमस्य। अन्यस्य=अर्जुनादेर्वा। उपनय=आनय। कलकलः=कोलाहलः। भ्रातुः=भीमस्य। किरीटी=अर्जुनः। पीतं=पीतप्रायम्। विषहे=सोढुं शक्नोमि। अनृतं=मिथ्या। मिथ्याप्रतिज्ञत्वम्। अनुमतं=स्वीकरोमि। शस्त्रं शस्त्रं=द्राक् शस्त्रं देहि। सत्यादिति।

दुर्योधन—आह! मेरे जीते जी वायुपुत्र भीम की या किसी और की भी क्या शक्ति है जो वत्स दुःशासन की छाया को भी छू सके। वत्स! मत घवडाओ, मत घवडाओ। कौन है, जल्दी मेरा रथ लाओ।

[(रथपर चढकर) जाता है]

[नेपथ्य में बड़ा कोलाहल होता है]।

अश्वत्थामा—मामाजी! हाय! हाय! वडे कष्ट की वात है, देखो यह अर्जुन अपने भाई भीमसेन की प्रतिज्ञा के भङ्ग होने के डर से कर्ण व दुर्योधन इन दोनों को एक साथ दुर्निवार घोर वाण वर्षा से रोक रहा है। हाय! वड़ा दुःख है, भीमसेनने दुःशासन का रुधिर पी लिया ही समझिए। दुर्योधन के भाई की इस विपत्ति को मैं खड़ा २ नहीं देख सकता हूँ। मेरी (शस्त्र त्याग की) प्रतिज्ञा झूठी ही हो जाने दीजिए, परन्तु मामाजी! मुझे शस्त्र दीजिए शस्त्र!।

---

१ क्वचिन्न। २ 'शक्तिरस्ति दुरात्मनः'। ३ 'दुःशासनस्य'। ४ 'लङ्घयितुं'।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सत्यादप्यनृतं श्रेयो धिक्स्वर्गं नरकोऽस्तु मे।
भीमाद्दुःशासनं त्रातुं त्यक्तमत्यक्तमायुधम् ॥ ४८ ॥

(इति खड्गं ग्रहीतुमिच्छति)।

[नेपथ्ये]।

"महात्मन् ! भारद्वाजसूनो ! न खलु सत्यवचनमनुल्लङ्घित-पूर्वमुल्लङ्घयितुमर्हसि"।

कृपः—वत्स ! अशरीरिणी भारती[2] भवन्तमनृतादभिरक्षति।

सत्यात्=सत्यप्रतिज्ञत्वात् । अनृतं=मिथ्याप्रतिज्ञत्वम् । श्रेयः=वरम् । स्वर्गः=सत्यप्रतिज्ञलभ्यं स्वर्गम् । धिक्=धिगस्तु । मे=मम । नरकोऽस्तु=नरकपातोऽस्तु । किन्तु-भीमाद्दुश्शासनं त्रातुं=रक्षितुम् । त्यक्तं=मया पूर्वं परित्यक्तमपि । आयुधं=शस्त्रम् । अत्यक्तम्=अपरित्यक्तं । मया स्वीकृतम् ॥ ४८ ॥

इति=इत्युक्त्वा । भारद्वाजसूनो = द्रोणसुत । न खलु = नैव । सत्यवचनं=सत्यं वाक्यम् । अनुल्लङ्घितपूर्वं=कदाप्यनुलङ्घितम् । अशरीरिणी=

इस समय सत्य से तो झूठ ही मुझे प्रिय मालूम होती है, चाहे फिर नरक में ही क्यों न पड़ता पड़े । पर भीमसेन से दुःशासन को बचाने के लिए मैं फिर शस्त्र धारण करता हूँ अर्थात् मित्र के लिए अपनी प्रतिज्ञा को भी छोड़ता हूँ ॥४८॥

[ऐसा कहकर खड्ग लेना चाहता है]

[नेपथ्य में]

महात्मन् ! भारद्वाजद्रोण के पुत्र ! आजतक तुमने कभी सत्य का उल्लंघन नहीं किया है, अतः अब ऐसा करना (अपनी प्रतिज्ञा का तोडना) आपके लिए कथमपि योग्य नहीं है ।

कृप—वत्स ! देखो आकाश वाणी तुमको मिथ्या प्रतिज्ञता से बचा रही है।

---

१ क्वचिन्न । २ 'वाणी' ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

gannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi



'दुःशासनस्य रुधिरं न पिबाम्युरस्तः ।'
भीमसेनकृतो दुःशासनवधः ।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अश्वत्थामा—कथमियममानुषी वाङ्नानुमनुते सङ्ग्रामावतरणं मम[1]। भोः कष्टम् । आः सर्वथा[2] पाण्डवपक्षपातिनो[3] देवाः। [सर्वथा[2] पीतं दुःशासनशोणितं भीमेन] । भोः, कष्टं कष्टम् ।

दुःशासनस्य रुधिरे पीयमानेऽप्युदासितम् ।
दुर्योधनस्य कर्ताऽस्मि किमन्यत्प्रियमाहवे ? ॥ ४९ ॥

मातुल ! राधेयक्रोधवशादनार्यमस्माभिराचरितम् । अत-

आकाशवाणी । अमानुषी=दैवी । अनृतात्=मिथ्याभाषणरूपात्पापात् । अभिरक्षति=त्रायति ।

दुःशासनस्येति । दुःशासनस्य । रुधिरे=रक्ते । पीयमानेऽपि=भीमेन पीयमानेऽपि । उदासितं=मया औदासीन्यमवलम्बितम् । आहवे=युद्धे । दुर्योधनस्य, अन्यत्=इतोऽन्यत् , किम्=किंतु, प्रियं=प्रीतिकरं कर्म, कर्त्तास्मि=करिष्यामि । न किमपीत्यर्थः ॥ ४९ ॥

अनार्यम्=अनुचितम् । अशोभनम् । अस्माभिः=मया । त्वमपि=

अश्वत्थामा—हैं ! यह आकाश वाणी मेरा युद्ध में जाना क्यों रोक रही है । हाय ! देवता भी पाण्डवों के ही पक्षपाती मालूम होते हैं । सर्वथा अब भीमसेन नें दुःशासन का रुधिर पी लिया ।

भीमसेन द्वारा भला दुःशासन के रुधिर के पी जाने पर भी मैं चुपचाप खडा देख रहा हूँ । इससे [दुःशासन के बचाने से] अधिक दुर्योधन का क्या प्रिय कार्य मैं कर सकता । (यदि मैं दुशासन को बचा लेता तो यह दुर्योधन का सब से प्रिय काम होता, पर लाचारी है मैं उसे न बचा सका) ॥ ४९ ॥

मातुल कर्ण के ऊपर क्रोध करके मैंने बडी भूल की, जो ऐसी प्रतिज्ञा

---

१ 'मे' । २ कचिन्न । ३ 'पक्षपातिनो देवा अपि पाण्डवानाम्' ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

स्त्वमपि तावदस्य राज्ञः पार्श्ववर्ती भव ।

कृपः—गच्छाम्यहमत्र प्रतिविधातुम् । भवानपि शिविर-संनिवेशमेव प्रतिष्ठताम् ।

[उभौ परिक्रम्य निष्क्रान्तौ] ।

इति वेणीसंहारे तृतीयोऽङ्कः ।

त्वमेव केवलम् । अहन्तु बद्धोऽस्मि प्रतिज्ञयेत्याशयः । प्रतिविधातुं=प्रतीकारं कर्त्तुम् । शिबिरसंनिवेशं=स्वसेनाशिबिरमण्डपम् । प्रतिष्ठतां=गच्छतु ।

करली । अस्तु ! कम से कम आप तो राजा दुर्योधन के पास जाकर उस की सहायता करिए ।

कृप—अच्छा मैं दुर्योधन की सहायता के लिए जाता हूँ । आपभी अपने पडाव (तम्बू) में ही चलिये ! (कहीं इधर उधर मत जाइए) ।

(दोनों घूमकर जाते हैं) ॥

॥ इति तृतीयोऽङ्कः ॥

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu.

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

अथ चतुर्थोऽङ्कः ।

(ततः प्रविशति प्रहारमूर्च्छितं रथस्थं दुर्योधनमपहरन्सूतः) ।

(सूतः ससंभ्रमं परिक्रामति) ।

(नेपथ्ये—)

भो भो ! वाहुवलावलेप[1]प्रवर्तितमहासमरदोहदाः कौरवकुल[2]पक्षपातपणीकृतप्राणद्रविणसंचया नरपतयः! । संस्तभ्यन्तां संस्त[2]भ्यन्तां नि[3]हतदुःशासनपीतावशेषशोणितस्नपितबीभत्स-

---

अपहरन्=युद्धभुवोऽन्यत्रापनयन् । ससम्भ्रमं=सत्वरम् । ससाध्वसम् । सोद्वेगम् । 'सम्भ्रमस्त्वरा' इति, समौ संवेगसम्भ्रमौ' इति चाऽमरः । परिक्रामति=रथं वाहयति । बाह्वोर्यद्बलं तेन योऽवलेपः=गर्वः । 'दर्पोऽवलेपोऽवष्टम्भः' इत्यमरः । तेन प्रवर्त्तितो महासमर एव दोहदः—अभिलाषो महोत्सवश्च यैस्ते तथाभूताः=वाहुबलावलेपप्रवर्त्तितयुद्धमनोरथाः । 'अस्त्रियां समराऽनीकरणाः कलहविग्रहौ' इत्यमरः । कौरवपक्षे यः पातः स्नेहः तेन पणीकृतः—प्राणा एव द्रविणं तस्य सञ्चयो यैस्ते तथाभूताः । कौरवपक्षपातेन प्राणपणेन युद्धे प्रवृत्ताः । संस्तभ्यन्ताम्=अवरुध्यन्ताम् । स्थिरीक्रियन्ताम् । निहतो यो दुःशासनः, तस्य पीतावशेषं यत् शोणितं, तेन स्नपितोऽत एव बीभत्स-

---

अथ चतुर्थोऽङ्कः ।

[प्रहारों से मूर्च्छित रथस्थित दुर्योधन को ले जाते हुए सूत का प्रवेश]

[रथस्थित सूत घबड़ाकर भाग रहा है]

[नेपथ्य में]

अहो भुजबल के घमण्ड से जिन्होंने महायुद्ध रूपी—इस दोहद ('महोत्सव' 'तोहफा')को प्रारम्भ किया है,कौरवों के पक्षपात के कारण जिन्होंने अपने प्राण व धन की बाजी लगा दी है ऐसे राजालोगों ! दुश्शासन को मारकर उसके रुधिर को

---

१ 'बलाऽहङ्कारप्रवर्त्तित' । २ क्वचिन्न । ३ 'हत' ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

वेषवृकोदरदर्शनविषादपरिस्खलत्प्रहरणानि रणात्प्रद्रवन्ति बलानि ।

सूतः—(विलोक्य) **कथमेष धवलचपलचारुचामरचुम्बितकनककमण्डलुना शिखरावबद्धवैजयन्तीसूचितेन हतगजवाजिनरकलेवरसहस्रसंमर्दविषमोद्धातकृतकलकलकिङ्किणीजाल-**

वेषः=विकृतभयानकवेषो यो वृकोदरो—भीमः, तस्य दर्शनेन यो विषादः—खेदः, तेन **परिस्खलन्ति**=प्रपतन्ति प्रहरणानि आयुधानि येषां तानि तथा भूतानि। **रणात्**=युद्धात्, **प्रद्रवन्ति**=पलायमानानि । **बलानि**=कौरवसैन्यानि। संस्तभ्यन्तां संस्तभ्यन्तामित्यन्वयः ।

धवलेति । धवलं चपलं च यच्चारु=सुन्दरं **चामरं**=प्रकीर्णकं, तेन चुम्बितः संबद्धः **कनकस्य**=स्वर्णस्य **कमण्डलुः**=रथोपरिगोलाकारो भागो यस्यासौ तथाभूतः । **शिखरं**=शृङ्गम्, रथोर्ध्वभागः, तत्रावबद्धया **वैजयन्त्या**=पताकया **सूचितेन**=अवबोधितेन । हतानां गजानां वाजिनां नराणां च यानि कलेवराणि शरीराणि, तेषां यानि सहस्राणि तैर्यः **संमर्दः**=सङ्घट्टः, समूहो वा, तेन यो **विषमः**=वैषम्यं, विषमप्रदेशो वा, तेन य **उद्धातः**=आघातः (ठोकर इति प्रसिद्धः) तेन कृतः कलकलो येन तादृशेन **किङ्किणीजालेन**=क्षुद्रघण्टिकासमूहेन मलते शोभते तच्छीलेन । तादृशजालेन **माली**=मालावानिति वार्थः।

पी कर बचे हुए रुधिर को शरीर में लीप लेने भीषण आकृति वाले भीमसेन को देखकर घबड़ाकर शस्त्रों को फेंक कर युद्ध भूमि से भागती हुई अपनी अपनी सेनाओं को किसी तरह रोकिए, जल्दी रोकिए ।

सूत—(युद्ध भूमि की ओर देखकर) अहा ! यह देखो सफेद चञ्चल सुन्दर चवरोंसे जिस (रथ)के सुनहरे गुम्बद शोभित हो रहे हैं, जिसके शिखर पर लम्बी ध्वजा फहरा रही है, मरे हुए हाथी घोड़े व मनुष्यों के लाखों शरीरों (लाशों) के समूह के कारण ऊँची-नीची भूमि पर ठोकर लगने से जिसकी सुनहरी घण्टियाँ

१ 'दर्शनभयपरि'। २ 'स्खलित'। ३ 'विद्रवन्ति'।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

मालिना रथेन शरवर्षस्तम्भितपरचक्रपराक्रमप्रसरः प्रद्रुतमात्मबलमाश्वासयन्कृपः किरीटिनाऽभियुक्तमङ्गराजमनुसरति । हन्त ! जातमस्मद्बलानामवलम्बनम् ।

(नेपथ्ये कलकलानन्तरम्) ।

भो भो, अस्मद्दर्शनभयस्खलितकार्मुककृपाणतोमरशक्तयः कौरवचमूभटाः पाण्डवपक्षपातिनश्च योधाः ! न भेतव्यं न भेतव्यम्। अयमहं निहतदुःशासनपीवरोरःस्थलक्षतजासवपान-

---

शराणां=वाणानां, वर्षेण—वृष्ट्या, स्तम्भितः=अवरुद्धः, परचक्राणां= शत्रुसेनानाम् , प्रसरः=प्रसर्पणं वेगो व्याप्तिश्च येनासौ तथाभूतः । प्रद्रुतं= पलायितम् । आत्मबलं=कौरवसैन्यम् । किरीटिना=अर्जुनेन । अभियुक्तं= बलवदाक्रान्तम् । अङ्गराजं=कर्णम् । अनुसरति=तमनुगच्छति । हन्त= हर्षे । अवलम्बनम्=आधारः ।

अस्मदिति । अस्माकं भीमसेनस्य दर्शनेन यद्भयं तेन स्खलिताः—पतिताः [कार्मुकं च कृपाणश्च तोमरश्च शक्तयश्च ताः—]कार्मुककृपाणतोमरशक्तयः येषां ते तथोक्ताः । तोमरः=अस्त्रभेदः । कौरवचमूभटाः=हे कौरवसेनायोधाः ! । निहतो यो दुःशासनः, तस्य पीवरं=मांसलं यदुरःस्थलं, वक्षःस्थलं, तस्य

कलकल कर रही हैं, ऐसे रथ पर चढे हुए, और वाणों की वर्षा से शत्रु की सेना के प्रवल प्रवाह को रोकते हुए, अपने सेना को धैर्य देते हुए भगवान् कृपाचार्य अर्जुन के द्वारा घेरे गए कर्ण की सहायता करने को आगे बढ़ रहे हैं। (सन्तोष पूर्वक) अहा ! हमारी सेना को अव कुछ सहारा हो गया।

(नेपथ्य में कोलाहल के अनन्तर)

अहो ! हमें देखकर भय के मारे जिनके हाथों से धनुष तलवार गडांसा सेल सांग आदि शस्त्र छूट गए हैं ऐसे हे कौरवों की सेना के वीरो ! एवं हे पाण्डव-सेना के योद्धाओं ! डरो मत,डरो मत। मैं दुश्शासन के पुष्ट उरःस्थल (छाती) से

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

मदोद्धतो रभसगामी स्तोकावशिष्टप्रतिज्ञामहोत्सवः कौरवराजस्य द्यूतनिर्जितो दासः पार्थमध्यमो भीमसेनः सर्वान्भवतः साक्षीकरोमि। श्रूयताम्—

राज्ञो मानधनस्य कार्मुकभृतो दुर्योधनस्याग्रतः
प्रत्यक्षं कुरुबान्धवस्य मिषतः[2] कर्णस्य शल्यस्य च।
पीतं तस्य मयाऽद्य पाण्डववधूकेशाम्बराकर्षिणः
कोष्णं जीवत एव तीक्ष्णकरजक्षुण्णादसृग्वक्षसः॥१॥

यत्क्षतजं=रुधिरं, तदेव य आसवः, मद्यं तस्य यत्पानं तेन मदोद्धतः=गर्वोद्धुरः। रभसं गन्तुं शीलमस्य रभसगामी=त्वरितगमनः। स्तोकेति। स्वल्पावशिष्टप्रतिज्ञापूर्त्तिमहोत्सव इत्यर्थः। पार्थानां मध्यमः=मध्यमपाण्डवः।

राज्ञ इति। मान एव धनं यस्याऽसौ तस्य मानधनस्य=अभिमानवतः। कार्मुकभृतः=धनुर्धरस्य। राज्ञः दुर्योधनस्य–अग्रतः=पुरत एव, किञ्च कुरुबान्धवस्य=कुरुकुलसुहृदः, कर्णस्य, शल्यस्य–मद्रराजस्य च मिषतः=पश्यतः। मृषत इति पाठे–सहमानस्य, प्रत्यक्षं=संमुखमेव तस्य पाण्डववधूकेशाम्बराकर्षिणः = द्रौपदीकेशवस्त्राऽऽकर्षिणः दुःशासनस्य, जीवतः–स्फुरत एव। तीक्ष्णकरजक्षुण्णात्=निशितनखविदीर्णात्, वक्षसः=हृदयात्। कोष्णं=मन्दोष्णम्। असृक्=रुधिरं, पीतम्। 'कोष्णं कवोष्णं मन्दोष्णम्' इत्यमरः। इत्यत्र भवतः साक्षीकरोमीति पूर्वेण सहान्वयः। शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम्॥ १॥

निकलते हुए रुधिररूपी मदिरा को पीकर मस्त हुआ, झपट कर चलता हुआ, जिसकी (दुर्योधन बध की) प्रतिज्ञा के पूर्ण होने में अब थोड़ी सी ही देर है, ऐसा मैं दुर्योधन का जूए में जीता हुआ दास, पाण्डुका मझला पुत्र भीमसेन आप सबको साक्षी बना कर कहता हूँ, सुनिए—

अभिमानी धनुर्द्धर राजा दुर्योधन के तथा कुरुओं के पक्षपाती कर्ण एवं शल्य आदि के देखते देखते मैंने पाण्डवों की वधू द्रौपदी के केश एवं वस्त्रों को खींचने

१ 'मध्यमपाण्डवः' 'पाण्डवमध्यमः'।

२ 'मृषतः'। 'बान्धवस्य च तथा कर्णस्य'। ३ क्वचिन्न।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu. N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सूतः—(श्रुत्वा सभयम्) अये ! कथमासन्न एवाऽसौ दुरात्मा कौरवराजपुत्रमहावनोत्पातमारुतो मारुतिः । अनुपलब्धसंज्ञश्च [तावदत्र] महाराजः । भवतु । सुदूरमपहरामि स्यन्दनम् । कदाचिद्दुःशासन इवाऽस्मिन्नप्ययमनार्योऽनार्यमाचरिष्यति । (त्वरिततरं परिक्रम्यावलोक्य च) अये ! अयमसौ सरसी-सरोजविलोलनसुरभिशीतलमातरिश्वसंवाहितसान्द्रकिसलयो

आसन्नः=सन्निहितः । कौरवराजस्य धृतराष्ट्रस्य ये पुत्रास्त एव महावनं तत्रोत्पातमारुत इव=उन्मूलनझञ्झामारुत इव । मारुतिः=वायुपुत्रो भीमः । अनुपलब्धसञ्ज्ञः–असञ्ज्ञातचेतनः । महाराजः=दुर्योधनः । स्यन्दनः=रथः । अनार्यः=दुःशीलः । अनार्यम्=नृशंसं । वधरुधिरपानादिकं । सरसी=महत्सरः, तत्र यानि सरोजानि–कमलानि तेषां विलोलनं=कम्पनम् , विलोडनं, तेन सुरभिः=घ्राणतर्पणः शीतलश्च यो मातरिश्वा–वायुः,तेन संवाहितानि चालितानि मिलितानि वा किसलयानि=पल्लवाः यस्याऽसौ तथा ।

वाले उस [दुश्शासन] के पेट को तीखे नखों से फाड़ कर जीते ही का गर्मागर्म रुधिर पी लिया है । [अर्थात् दुःशासन की छाती से रुधिर पीने की प्रतिज्ञा मेरी पूरी हो गई इस वात के लोग आप सब साक्षी हैं]।

सूत—(सुनकर डरता हुआ) अरे ! यह दुरात्मा [भीमसेन] जो कुरुराज के पुत्र रूपी वन के उखाड़ने में उत्पातवायु की तरह है पास ही मालूम होता है, और महाराज दुर्योधन अभी तक चैतन्य नहीं हुए हैं : अच्छा, रथ को ओर दूर ले जाता हूँ । कहीं दुःशासन की तरह महाराज पर भी यह पापी अत्याचार न कर बैठे । (जल्दी से दूर जाकर और देखकर) अहो ! सरोवर [झील] के कमलों को विलोडन करने(उनमेंसे वहने के)कारण सुगन्धित व शीतलवायु से हिलते हुए सुस्निग्ध कोमल पल्लवों वाला सामने यह वटका वृक्ष है । यह स्थान युद्धके व्यापार से थके हुए

१ कचिन्न । २ 'एषः'। 'एव' । ३ 'दूरमपनयामि' । ४ 'त्वरितं' ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

न्यग्रोधपादपः।उचिता विश्रम[1]भूरियं समरव्यापारखिन्नस्य वीर-जनस्य। अत्रस्थश्चा[2]यमयत्नोपवीजिततालवृन्तेन हरिचन्दनच्छ-टाशीतलेनाऽप्रयत्नसुरभिणा दशापरिणामयोग्येन सरसीसमी-रणेना[3]मुना च गतक्लमो भविष्यति महाराज[3]ः। [ऊर्ध्व[3]मवलोक्य] लूनकेतुश्चायं रथोऽनिवारित एव प्रवेक्ष्यति च्छायाम्। (इति प्रवेशं रूपयित्वा) कः कोऽत्र भोः [छत्रं व्यजनं चामरं च शीघ्र-मुपनयतु]। (समन्ताद[4]वलोक्य) कथं न कश्चिदत्र[3] परिजनः!।

'पल्लवोऽस्त्री किसलयम्' इत्यमरः। उचिता=योग्या। शीतलत्वात्सुरभित्वा-च्चौचित्यमत्र। समरव्यापार-खिन्नस्य=युद्धकर्मश्रान्तस्य। मूर्च्छितस्य। अत्रस्थः=न्यग्रोधतलस्थश्च। अयत्नोपवीजितेन=अप्रयत्नचालितेन। स्वयं वायुना वीज्यमानेन। तालवृन्तेन=तालपत्रव्यजनेन। 'अयाचिततालवृन्तेने'-ति पाठे–स्वयमुपनतेन तालवृन्तेनेत्यर्थः। हरिचन्दनच्छटाशीतलेन= सुगन्धिमहार्हचन्दनभङ्गिशीतलेन। हरिचन्दनसम्पर्कशीतलेन, तच्चन्दन-वच्छीतलेनेति वा। अप्रयत्न–सुरभिणा=अनायासघ्राणतर्पणेन। दशापरि-णामयोग्येन=दैवदुर्विपाककालोचितेन। विपत्ति–समयोचितेन। मूर्च्छाव-स्थोचितेनेत्यर्थ इति तु सरलाः। लूनकेतुः–छिन्नचिह्नध्वजः। अनिवारितः= अनवरुद्धः। छायाम्=अनातपम्। वटाधःप्रदेशम्। रूपयित्वा=नाटयित्वा। सम-

---

वीरके विश्राम करने योग्य है। यहाँ पर रहने से–स्वभावतः जिस[वायु]ने ताल-वृन्तों [पंखों] को हिलाया है, हरिचन्दन के वृक्षों की पङ्क्ति के संपर्क से शीतल, स्वभावतः सुगन्धित एवं दशा के परिणाम [दैवदुर्विपाक] के कारण योग्य, इस सरोवर की वायु से महाराज दुर्योधन शीघ्र ही चैतन्य लाभ कर सकेंगे। और

---

१ 'विश्राम'। २ अत्र स्थितश्चाऽयाचितताल'।

३ क्वचिन्न। ४ 'दिशोऽवलोक्य'।

५ जिस चक्रवर्ती राजा दुर्योधन के लिए बहुमूल्य इत्र आदि से सुगन्धित पंखों से हवा की जाती थी उसके ही लिए भाग्य के विपर्ययसे इस समय यही हवा उचित है।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

नूनं तथाविधस्य वृकोदरस्य दर्शनादेवंविधस्य च स्वामिनस्त्रासेन शिविरसन्निवेशमेव प्रविष्टः। कष्टं भोः! कष्टम्।

दत्त्वा द्रोणेन पार्थादभयमपि न संरक्षितः सिन्धुराजः
क्रूरं दुःशासनेऽस्मिन्हरिण इव कृतं भीमसेनेन कर्म।
दुःसाध्यामप्यरीणां लघुमिव[2] समरे पूरयित्वा प्रतिज्ञां
नाहं मन्ये सकामं कुरुकुलविमुखं[3] दैवमेतावतापि ॥ २ ॥

न्तात्=सर्वतः। परिजनः=अनुजीविलोकः। नूनम्=अवश्यम्। तर्कयामि। तथाविधस्य=बीभत्सवेषस्य। एवंविधस्य=मूर्च्छितस्य। स्वामिनः=राज्ञो दुर्योधनस्य। त्रासेन=भयेन। उद्वेगेन।

शिविरसंनिवेशं=विश्रामपटमण्डपम्। प्रविष्टः=तत्र भयान्निलीय स्थितः।

दत्त्वेति। पार्थात्=अर्जुनात्। अभयं='न तव किञ्चिदपि भयं मयि जीवत्यर्जुनात्' इत्यभयवचनम्। दत्त्वाऽपि द्रोणेन सिन्धुराजः-जयद्रथो-न रक्षित इत्यन्वयः। अस्मिन् दुःशासने-हरिणे इव=अनायासवध्यत्वान्मृगे-इव-अरीणां=सर्वेषां कर्णदुर्योधनादीनां शत्रूणां। पुरत इति शेषः। दुःसाध्यां

हमारे रथ की ध्वजा भी युद्ध में कट गई है इसलिए अनायास ही विना रोक टोक के हमारा यह रथ इस वट की छाया में चला जायगा। [वट की छाया में रथ को खड़ा करके] कौन है ? महाराज का छत्र व चामर व व्यजन (पंखा) लाओ। (चारों ओर देखकर) है, क्या कारण है कि कोई भी नौकर यहाँ नहीं हैं !। मालूम होता हैं भीमसेन की भीषण आकृति को देखकर, तथा स्वामी (दुर्योधन) की इस दयनीय दशा को देखकर भमभीत हो सव सेवकगण भागकर शिविर (पडाव) पर चले गए है। हाय ! वडे दुःख की वात है !

द्रोणने पार्थ अर्जुन से वचाने के अभयदान देकर भी सिन्धुराज जयद्रथ को नहीं वचाया, दुरशासन को हरिण की तरह मारकर भीमसेन ने क्रूरकर्म किया।

---

१ भोः कष्टं कष्टं'। २ 'तृणमिव'। ३ 'कुरुकुलनिधने'।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

(राजानमवलोक्य) कथमद्याऽपि न चेतनां लभते महाराजः[1]! भोः कष्टम्। (निःश्वस्य)

मदकलितकरेणुभज्यमाने
विपिन इव प्रकटैकशालशेषे।
हतसकलकुमारके कुलेऽस्मि-
स्त्वमसि[3] विधेरवलोकितः कटाक्षैः ॥ ३ ॥

प्रतिज्ञां, लघुमिव=लघ्वीमिव—अनायासेन—पूरयित्वा=सफलां कृत्वा भीमसेनेन=वृकोदरेण समरे=युद्धे क्रूरकर्म=रुधिरासवपानलक्षणं भयानकं कर्म कृतं=विहितमित्यन्वयः। यद्वा—अस्मिन्दुःशासने हरिणे पशाविव इव भीमसेनेन क्रूरं कर्म कृतमिति, दुःसाध्यामरीणां=पाण्डवानां प्रतिज्ञां पूरयित्वाऽपि दैवं सकामं=शान्तं विरतं न मन्ये इत्यर्थः। एतावताऽपि=एवं दुःशासनादिविनाशेन कार्यजातं विनाश्य, अनर्थं च कृत्वाऽपि। कुरुकुलविमुखं=कुरुवंशविरुद्धं, कौरवकुलोपरि क्रुद्धं। दैवं=विधिम्। सकामं=कृतकृत्यं। शान्तम्। प्रसन्नम्। अहं न मन्ये=नहि तर्कयामि। इतोऽप्यधिकं किमप्यनिष्टं विधास्यतीति शङ्के। एतेन भावी दुर्योधनवधः सूचितः। 'कुरुकुलनिधने' इति पाठे-कुरुकुलनाशेऽपि सकामं=पूर्णमनोरथं दैवं नाहं मन्ये इत्यर्थः। स्रग्धरावृत्तम् ॥ २ ॥

चेतनां = चैतन्यम्। मूर्च्छाव्यपगममिति यावत्।

मदेति। मदेन कलितः = मूर्च्छितः उन्मत्तो यः करेणुः—हस्ती, प्रकटे

इस प्रकार शत्रुओं की दुःसाध्य प्रतिज्ञाओं अनायास पूर्ण कराके भी कुरुकुलविमुख दैव अभी तक कृतकृत्य नहीं हुआ है—ऐसा मैं समझता हूँ। अर्थात् अभी इससे भी अधिक कुछ अनर्थ दुर्दैव दिखाएगा—ऐसा मालूम होता है ॥ २ ॥

(राजाकी ओर देखकर) क्या बात हैं अभीतक महाराज चैतन्य नहीं हुए ?। हाय बडे कष्ट की बात है। (लम्बी सांस लेकर)—

१ 'मद्यापि चेतनतां न'। २ 'स्वामी'। ३ 'त्वमपि'।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

(आकाशे लक्ष्यं बद्ध्वा[2]) ननु भो हतविधे ! भरतकुलविमुख !
अक्षतस्य गदापाणेरनारूढस्य संशयम् ।
एषापि भीमसेनस्य प्रतिज्ञा पूर्यते त्वया ! ॥ ४ ॥

तत्सादृश्यात्करेणुः—भीमः, तेन भज्यमाने=विनाश्यमाने । 'करेणुरिभ्यां स्त्री, नेभे'इत्यमरः ।

विपिने इव=वने इव, दुष्प्रवेशेऽपि, सम्प्रति-प्रकटैकशालशेषे-प्रकटः=स्फुटः,-एकः=एकाकी, शालः=वृक्षो दुर्योधनरूपः शेषो यत्र तस्मिन् । 'अनोकहः कुटः शालः' इत्यमरः । हताः सकलाः कुमारा यत्र तस्मिन्=विनष्टान्यराजपुत्रके । अस्मिन् कुले=कुरुकुले । हे राजन् ! त्वं=त्वमपि, विधेः=कुटिलस्य दुरदृष्टस्य । कटाक्षैः=काक्षैः । दुर्निरीक्षितैः । अवलोकितः=निरीक्षितः किम् । त्वामपि जीवन्तं द्रष्टुं किं हतविधिर्न सहते, यतो मूर्च्छितोऽप्यद्य यावन्न प्रबुध्यसे इत्यर्थः । त्वमसीति वा पाठः । पुष्पिताग्रा वृत्तम् ॥ ३ ॥

आकाशे=शून्ये ।

भरतकुलविमुख=कुरुकुलविरुद्ध । अक्षतस्येति । अक्षतस्य=अनाकलितव्रणस्य । संशयं=जीवितसंशयम् । अनारूढस्य=अप्राप्तस्य । गदापाणेः=गदाभृतः । भीमसेनस्य-एषाऽपि=दुर्योधनवधरूपाऽपि । प्रतिज्ञा=संवित् । त्वया=हतविधिना । पूर्यते=मन्ये अनायासेनैव पूर्यते । भीमेन दुर्योधनवधः

जैसे मदमत्त हस्ती से उखाड़े गए वन में एक आधा ही वृक्ष शेष रह जाता है उसी तरह इस कुरुकुल के सब कुमारों को तो भीमसेन ने मारही डाला है, केवल एक (दुर्योधन) आप ही बचे थे, परन्तु मालूम होता है आपपर भी क्रूर विधाता का कुटिल कटाक्ष पड़ गया है । अर्थात् आप भी दुर्दैव के कुटिल दृष्टिपात में आ गए है (मुझे तो आपके बचने की आशा नहीं है) ॥ ३ ॥

(आकाश में लक्ष्य बांधकर) हे भरतकुलविमुख क्रूर विधे !

---

१ कच्चिन्न ।

२ "पात्रस्याल्पतया यत्र पात्रं नैव प्रवेश्यते ।
आकाशे कर्णं दत्वाकाशे लक्ष्यं बद्ध्वेति बोच्यते" इति भरतः ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्योधनः—(शनैरुपलब्धसंज्ञः[1]) आः ! का शक्तिरस्ति पवनतनयस्य दुरात्मनो वृकोदरहतकस्य[3] मयि जीवति दुर्योधने प्रतिज्ञां पूरयितुम् ! । वत्स दुःशासन ! न भेतव्यं न भेतव्यम् । अयमहमागतोऽस्मि ! । ननु[2] सूत ! प्रापय रथं तमेवोद्देश[4] यत्र वत्सो मे दुःशासनः ।

सूतः—आयुष्मन् ! अक्षमाः संप्रति वाहास्ते रथमेनमुद्वोढुम्[5] । (अपवार्य) मनोरथं च ।

प्रतिज्ञातः । दुर्योधनो भीमश्चोभौ तुल्यबलौ, तद्दुर्योधनेन भीमस्य युद्धे प्रवृत्ते कदाचिद्भीमो जीवितसंशयं प्राप्नुयादपि, परं तु त्वया हे क्रूरविधे ! विनैव युद्धं दुर्योधनवधाद्भीमस्य प्रतिज्ञाऽनायासेनैव पूर्यते इत्याशयः । दुर्योधनं मूर्च्छितं दृष्ट्वा सूतस्य परिदेवनमिदम् ॥ ४ ॥

स्वैरं=मन्दं मन्दम् । प्रतिज्ञां=दुःशासनहृदयशोणितपानप्रतिज्ञाम् । ननु-इत्यामन्त्रणे । नन्विति पूर्वान्वयि वा । उद्देशं=स्थानम् । 'आयुष्म'न्निति सूतेन स्वामीवाच्य'इति नाटकसमयः । अक्षमाः=अशक्ताः । वाहाः=अश्वाः । अपवार्य= केवलं रङ्गं श्रावयित्वा । मनोरथञ्च=मनोरथञ्चोद्वोढुं=त्वदीयामिच्छां पूरयितुम्

क्या गदापाणि भीमसेन की इस (दुर्योधन के मारने की) प्रतिज्ञा को भी बिना किसी प्रकार के संशय के अनायास ही तुम पूरी कर रहे हो ?॥ ४॥

दुर्योधन—(धीरे २ चैतन्य होकर) आह ? मेरे जीते रहते पापी भींमसेन की क्या शक्ति है कि वह (दुःशासन के रुधिरपीने की) अपनी प्रतिज्ञा को पूरी कर सके। वत्स दुःशासन ! मतडरो मतडरो । मैं आ पहुँचा हूँ। सूत ! मेरे रथ को उसी जगह ले चलो जहाँ मेरा वत्स दुःशासन है।

सूत—आयुष्मन् ! (महाराज !) आपके घोड़े इस समय रथ को वहन करने

---

१ 'सधीरमुपलब्ध' । 'स्वैरमुपलब्धसंज्ञः' । २ कच्चिन्न ।
३ 'वृकोदरस्य' । ४ 'तमुद्देशं' । ५ 'वयञ्च' ।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्योधनः—(रथादवतीर्य. सगर्वं साकूतं च) कृतं[1] स्यन्दनगमन-कालातिपातेन ।

सूतः—(सवैलक्ष्यं सकरुणं च) मर्षयतु मर्षयत्वायुष्मान्[2] ।

दुर्योधनः—धिक्सूत ! किं रथेन ? । केवलमरातिविमर्द-संघट्टसंचारी दुर्योधनः खल्वहम् । तद्गदामात्रसहायः समर-भुवमवतरामि ।

सूतः—आयुष्मन्[3] ! एवमेतत् (कः[4] सन्देहः) ।

वाहा न क्षमा इत्यर्थः । दुःशासनस्य मृतत्वात् । वयमिति–पाठेऽपि–वयञ्च त्वदाज्ञां पालयितुमशक्ता इत्यर्थः । साकूतं=साऽभिप्रायम् । कृतम्=अलम् । स्यन्दनः=रथः । तेन गमनेन यः कालातिपातः=समयव्ययः । मर्षयतु= क्षाम्यतु । अरातीनां=शत्रूणां यो विमर्दः=संश्लेषः । [भीड], तेन यः संघट्टः= सङ्घर्षः, आक्रमणं वा, परस्परास्फालनं वा, तत्र सञ्चरितुं शीलमस्य तथाविधः । शत्रुसङ्घमध्यसञ्चरणप्रवण इत्यर्थः । खल्विति निश्चये । तत्=तस्मात् ।

में असमर्थ है । (राजा से छिपाकर दर्शकों को सुनाते हुए) और हम लोग भी आपके इस मनोरथ को पूर्ण करने में सर्वथा असमर्थ हैं ।

दुर्योधन—(रथ से उतर कर बड़े घमण्ड से, ताने के रूप से) रहने दो, मुझे रथ पर चढ़ने के लिए विलम्ब करने की आवश्यकता ही नहीं हैं ।

सूत—(लज्जित सा होकर, बडे ही करुण स्वर में) आयुष्मन् ! क्षमा करिए, क्षमा करिए ।

दुर्योधन—सूत ! तुम्हें धिक्कार है, रहने दो अपना रथ । शत्रुओं के जबरदस्त हमले व भीड़ में इकला ही घुस कर विचरण करनेवाला मैं दुर्योधन हूँ । (मुझे तुमारे रथ की पर्वाह ही नहीं है) । केवल गदा को लेकर ही मैं युद्ध भूमि में उतरता हूँ ।

सूत—आयुष्मन् ! आप ऐसे ही पराक्रम वाले हैं इसमें कुछ सन्देह नहीं है ।

---

१ 'किं स्यन्दन' । २ 'देवः' । ३ 'देव' । ४ कश्चिन्न ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्योधनः—यद्येवं किमेवं भाषसे ?। पश्य—

वालस्य मे प्रकृतिदुर्ललितस्य पापः
पापं व्यवस्यति समक्षमुदायुधोऽसौ ।
अस्मिन्निवारयसि किं व्यवसायिनं मां ?
क्रोधो न, नापि करुणा, न च तेऽस्ति लज्जा !॥५॥

सूतः—(सकरुणं पादयोर्निपत्य) एतद्विज्ञापयामि—आयुष्मन्! सम्पूर्णप्रतिज्ञेन निवृत्तेन भवितव्यमिदानीं दुरात्मना वृकोदरहतकेन । अत एवं ब्रवीमि ।

एवमेतत् = सत्यमेवैतत् । नाऽत्र कश्चन सन्देह इत्यर्थः ।

बालस्येति । प्रकृत्या=स्वभावेन, दुर्ललितस्य=नितरां लालितस्य। उद्धृत्तस्य, ['शिर चढा' 'मुँह लगा']। बालस्य=वत्सस्य, कनिष्ठभ्रातुः। मे=मम । समक्षं=संमुखमेव । उदायुधः=उद्धृताऽऽयुधः । असौ पापः= दुष्टो भीमसेनः । पापं=रुधिरपानरूपं क्रूरं कर्म । व्यवस्यति=विधातुं यतते। अस्मिन्=पापिनि । व्यवसायिनं=प्रतीकारपरं । मां किं=कस्मात्, निवारयसि=निरुणत्सि ?। स्वस्वामिभ्रातृवधात्क्रोधस्ते उचितः, बालवधात्करुणोचिता, स्वाऽविनयाच्च लज्जोचिता, परं त्रयमप्येतत्त्वयि नास्तीति नितरां निर्लज्जः क्रूरश्चासीति भावः । वसन्ततिलका वृत्तम् ॥ ५ ॥

दुर्योधन—जब तुम मेरे पराक्रम को जानते हो तो फिर ऐसा क्यों कहते हो कि "घोड़े थके हैं रथ युद्ध भूमि में नहीं जा सकेगा" ?। देख—

मेरे देखते देखते स्वभाव से ही दुष्ट पापी यह (भीमसेन) मेरे बच्चे (दुःशासन) पर अनुचित रूपसे शस्त्र उठा क्रूरकर्म (उसकी हत्या) कर रहा है । जब मैं इसे रोकने के लिए जाना चाहता हूँ तो तुम मुझे रोकते हो । तुमको (शत्रु पर) क्रोध व [बालक पर] दया, व [अपने कर्म पर] लज्जा-कुछ भी नहीं है, अतः तुम तो कायर, निर्दयी व निर्लज्ज हो ॥ ५ ॥

---

१ 'पास्यत्यसृग् जनसमक्षमुदायुधोऽसौ'। २ 'नाम'।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्योधनः—(सहसा भूमौ पतन्) हा वत्स दुःशासन ! हा मदाज्ञाविरोधितपाण्डव ! हा विक्रमैकरस ! हा मदङ्कदुर्ललित ! हा अरातिकुलगजघटामृगेन्द्र ! हा युवराज ! क्वासि ?। प्रयच्छ मे प्रतिवचनम् । (इति निःश्वस्य मोहमुपगतः)।

[सूतः—राजन् ! समाश्वसिहि समाश्वसिहि]।

दुर्योधनः—(संज्ञां लब्ध्वा । निःश्वस्य-)

युक्तो यथेष्टमुपभोगसुखेषु नैव
त्वं लालितोऽपि हि मया न वृथाऽग्रजेन ।
अस्यास्तु वत्स ! तव हेतुरहं विपत्ते-
र्यत्कारितोऽस्यविनयं, न च रक्षितोऽसि ॥६॥

एवं='नेमे वाहाः शक्ता'इत्यवम्। मदाज्ञया विरोधिताः-कृतवैराः कृताः पाण्डवा येनासौ तत्सम्बुद्धौ रूपम् । विक्रमे-पराक्रमे एव एको रसो यस्यासौ तथाभूत ! । मदङ्केति । मदुत्सङ्गक्रीडनपरायण । अरातीति । शत्रुकुलहस्तिसमूहसिंहेत्यर्थः । युवराज=राजप्रतिनिधीभूत दुःशासन । मोहं=मूर्च्छाम् । संज्ञां=चैतन्यम् ।

युक्त इति । उपभोगसुखेषु=विलाससम्भोगसुखेषु । मया वृथाऽग्रजेन=मिथ्याज्येष्ठभ्रात्रा । निरर्थकज्येष्ठेन मया । त्वं न नियुक्तः=त्वं न नियोजितः । किञ्च लालितोऽपि न=यथेच्छमुपलालितोऽपि नैव । नैव कामं विलासित इत्यर्थः। हे वत्स ! अस्यास्तु पाण्डवपक्षादागतायास्तु। तव विपत्तेः=तव मृत्युरूपविपदः । हेतुः=कारणम् । अहम्। अस्मीति शेषः।यत्=यस्मात् ।

सूत—(करुणापूर्वक पैरों पर गिरकर) मेरी विनती यह है कि आयुष्मन् ! वह पापी भीमसेन अपनी प्रतिज्ञा अब तक पूरी कर चुका (होगा)। इस लिए मैंने ऐसा कहा था ।

दुर्योधन—(सहसा भूमिपर गिर कर) हाय वत्स दुश्शासन ! तूने मेरी आज्ञा से ही पाण्डवों से वैर बान्धा था, तू बडा पराक्रमी था, मैंने तुझे गोद में खिलाया था, शत्रु रूपी हाथियों के समूह में तूं सिंह की तरह विचरने

१ कच्चिन्न ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

(इति पुनः[1] पतति) ।

सूतः—आयुष्मन्! समाश्वसिहि समाश्वसिहि।

दुर्योधनः—धिक्सूत! किमनुष्ठितं भवता?।

[2]रक्षणीयेन सततं बालेनाज्ञानुवर्तिना।
दुःशासनेन भ्रात्राऽहमुपहारेण रक्षितः॥ ७॥

अविनयम्=अनुचितं कर्म द्रौपदीकेशाम्बराकर्षणरूपम्। कारितोऽसि। न च=नैव च। रक्षितोऽसि=न मया परित्रातोऽसि। मदर्थं हि तव पाण्डवैः शत्रुत्वम्। वसन्ततिलका वृत्तम्॥ ६॥

अनुष्ठितं=कृतम्। किमनुष्ठितम्-अनुचितं कृतमित्यर्थो वा। रक्षणीयेनेति। सततं=सन्ततम्। रक्षणीयेन=रक्षणोचितेन। आज्ञामनुवर्तते तच्छीलेन-आज्ञानुवर्त्तिना=आज्ञापरिपालकेन। बालेन=मुग्धेन भ्रात्रा दुःशासनेन। उपहारेण=उपहारभूतेन। तं वलिं दत्त्वेति यावत्। अहं रक्षितः=परित्रातः। इति यत्त्वयाऽनुचितं कृतमित्यर्थः॥ ७॥

वाला था, हाय युवराज! तुम कहाँ हो, मुझे उत्तर दो। (इस प्रकार ऊंची सांस लेता २ मूर्च्छित हो जाता है)।

सूत—राजन्! धैर्य धरिए, धैर्य धरिए।

दुर्योधन—[होश में आकर, ऊंची सांस लेता हुआ] हे वत्स! तुझे अच्छे अच्छे सुख भोगों में मैंने नहीं लगाया, न तेरा मैंने अच्छी तरह से लाड़ प्यार ही किया। तेरी इस विपत्ति का कारण भी मैं ही हूँ, क्योंकि मैंने तेरे हाथ से ये अनुचित कर्म (द्रौपदी का केश कर्षण आदि) तो करा दिए पर तेरी मैं रक्षा नहीं कर सका। हाय! ॥ ६ ॥

(ऐसा कह कर फिर मूर्च्छित हो गिर पड़ता है)।

सूत—आयुष्मन्! धैर्य धरिए, धैर्य धरिए।

दुर्योधन—धिक् सूत! तुमने ऐसा अनुचित कर्म क्यों किया जो सर्वथा रक्षणीय, बालक, मेरे आज्ञा पालक भाई दुःशासन को विपत्ति में डाल कर मुझे युद्धभूमि से यहाँ लाकर तैने बचाया। (यह बहुत अनुचित किया)॥ ७॥

---

१ क्वचिन्न। २ 'लालनीयेन' इति सुन्दरः पाठः।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सूतः—महाराज ! मर्मभेदिभिरिषुतोमरशक्तिप्रासवर्षैर्महारथानामपहतचेतनत्वान्निश्चेतनः कृतो महाराज इत्यपहृतो मया रथः ।

दुर्योधनः—सूत ! विरूपं कृतवानसि—

तस्यैव पाण्डवपशोरनुजद्विषो मे
क्षोदैर्[2]गदाऽशनिकृतैर्न विबोधितोऽस्मि ।
तामेव[3] नाधिशयितो रुधिरार्द्रशय्यां
दौःशासनीं यदहमाशु वृकोदरो वा ॥ ८ ॥

मर्मभेदिभिः=मर्मस्थलपीडकैः । मर्मच्छेदिभिः । इषवः=बाणाः । तोमरादयश्च शस्त्रभेदाः । महारथानामिषुतोमरशक्तिप्रासवर्षैरिति योजना । अपहतचेतनत्वात्=विलुप्तचेतनत्वात् । निश्चेतनः=मूर्च्छितः । महाराजः=भवान्दुर्योधनः । इति=इति हेतोः । अपहृतः=अपसारितः । विरूपं=विरुद्धम् । अनुचितम् । विकृतम् ।

तस्यैवेति । मे=मम । अनुजद्विषः=भ्रातृद्विषः । तस्यैव=प्रसिद्धस्य । पाण्डवपशोः=नीचस्य मध्यमपाण्डवस्य भीमस्य । गदा अशनिरिव गदाऽशनिः, गदा रूपं वज्रं वा, तत्कृतैः—क्षोदैः=आघातैः। निष्पेषैः। व्रणैः। क्षोभैरिति पाठे—विक्षोभैः । न विबोधितोऽस्मि=नाऽवबुद्धोऽस्मि । नष्टसञ्ज्ञोजातोऽस्मि । यत्=येन । दुश्शासनस्येयं दौश्शासनी, तां=दौश्शासनीं=दुश्शासनसम्बन्धिनीम् । तां रुधिरार्द्रशय्यां=शोणितक्लिन्नमृत्युशय्याभुवम् ।

सूत—महाराज ! बड़े बड़े महारथियों द्वारा चलाए गए मर्मभेदी बाणों की, तथा वल्लम, सांग, गण्डासा आदि शस्त्रों की भीषण वर्षा से आप मूर्च्छित हो गए थे, अतः मैंने वहाँ से रथ को हटाना ही उचित समझा।

दुर्योधन—धिक् सूत ! तुमने बड़ाही अनुचित काम किया है। [जो मेरे रथ को युद्ध से हटा लाए]।

उस पाण्डव पशु, मेरे भाई के वैरी [भीम] की वज्र तुल्य गदा के आघातों से मैं बेहोश हो गया था, मुझे कुछ भी ज्ञान

१ 'देव'। २ 'क्षोभै'। ३ 'यद्येव'।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्भेज्जमुहेहिं कङ्कवद्दंनेहिं हिअआदो सल्लाइं उद्धरन्ति। तां[2] ण क्खु एदे जाणन्ति। होदु। अण्णदो विचिणइस्सम्। (अग्रतोऽवलोक्य, किंचित्परिक्रम्य) इमे क्खु अवरे प्पहूददरा सङ्गदा[4] वीरमणुस्सा दीसन्ति[3]। ता एत्थ गदुअ पुच्छिस्सम्। (उपगम्य) हंहो! जाणह तुम्हे[3] कस्सिं उद्देसे कुरुणाहो वट्टत्ति?। कहं एदे वि मं पेक्खिअ अहिअदरं रोअन्ति। तां ण क्खु

कथमेते खलु स्वस्वामिनो[3] गाढप्रहाराऽऽहतस्य घनसन्नाहजालदुर्भेद्यमुखैः कङ्कवदनै[1]र्हृदयाच्छल्यान्युद्धरन्ति। तन्न[2] खल्वेते जानन्ति। भवतु। अन्यतो विचेष्यामि। इमे खल्वपरे प्रभूततराः सङ्गता[4] वीरमनुष्या दृश्यन्ते[3]। तदत्र गत्वा प्रक्ष्यामि। हंहो! जानीथ यूयं कस्मिन्नुद्देशे कुरुनाथो वर्तते इति?। कथमेतेऽपि मां प्रेक्ष्याधिकतरं रुदन्ति। तन्न

प्रवेश्यं मुखं वदनं येषां तैः। कथं चित्कवचान्तर्विनिवेशितमुखैरित्यर्थः। कङ्कवदनानि—शल्योद्धरणयन्त्राणि। कङ्कपत्राणीति पाठेऽपि स एवार्थः। विचेष्यामि=अन्विष्यामि।

सङ्गताः=मिलिताः। हंहो इति सम्बोधने। सत्वरमामन्त्रणे वा। वीर-

हृदय से गाढ वन्धे हुए कवच के वीच से वडी कठिनता से कङ्कवदन (सण्डासी) द्वारा शल्य [टूटे हुए वाण आदि का अग्र भाग] निकाल रहे हैं। इसलिए ये भी नहीं जानते हैं कि महाराज कहाँ हैं। अच्छा! दूसरी जगह खोजता हूँ। (आगे देखकर थोड़ा चल कर) ये वहुत से वीर पुरुष इकठ्ठे हो रहे हैं। इनके पास चलकर पूछता हूँ। (पास में जाकर) क्यों आपलोग जानते हैं कि महाराज कुरुराज (दुर्योधन) कहाँ हैं! हैं! ये तो मुझे देखकर और अधिक रोने लगते हैं। अतः ये भी नहीं जानते हैं।

---

१ 'कङ्कवत्तेहिं' [कङ्कपत्रैः]।
२ 'ता क्खु एदे ण' [तत्खल्वेते न]। ३ क्वचिन्न।
४ 'संकलिदा वीरमाणुसा'। [सङ्कलिता वीरमनुष्याः]।
५ (दृष्ट्वा) 'ता ण क्खु'। 'ताणहु'।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

एदे विजाणन्ति । (दट्ठा) हा ! अदिकरुणं क्खु एत्थ वट्टइ । एसा वीलमादा समलविणिहदं पुत्तअं सुणिअ रत्तंसुअणिवसणाए समग्गभूसणाए वहूए सह अणुमरदि । (सश्लाघम्) । साहु वीरमादे ! साहु । अण्णस्सिं वि जम्मन्तरे अणिहदपुत्तआ हुविस्ससि [पुत्तोवि दे अखण्डिदयसो वीरो हुविस्सदि] । होदु । अण्णदो पुच्छिस्सम् । (अन्यतो विलोक्य) अअं अवरो बहुप्पहारणिहदकाओ अकिदव्वणबन्धो एव्व जोहसमूहो इमं

खल्वेतेऽपि जानन्ति । हा ! अतिकरुणं खल्वत्र वर्तते ।

एषा वीरमाता समरविनिहतं पुत्रकं श्रुत्वा रक्तांशुकनिवसनया समग्रभूषणया वध्वा सहाऽनुम्रियते । साधु वीरमातः ! साधु । [आर्ये वीरमातः !] अन्यस्मिन्नपि जन्मान्तरेऽनिहतपुत्रका भविष्यसि [पुत्रोऽपितेऽखण्डितयशा वीरो भविष्यति] । भवतु । अन्यतः प्रक्ष्यामि । अयमपरो बहुप्रहारनिहतकायोऽकृतव्रणबन्ध एव योधसमूह इमं शून्यासनं तुरङ्गमसुपालभ्य

माता=वीरजननी । बहुप्रहारैः निहतः=आहतः कायः—शरीरं यस्यासौ तथा । विपुलप्रहारजर्जरदेह इत्यर्थः । शून्यासनं=हताऽऽरोहितया रिक्तपृष्ठम् । अवस्थानुरूपं=दशानुरूपम् । व्यसनं=विपत्तिम् । भागधेयस्य—भाग्यस्य ।

(देखकर) हा यहाँ तो दुष्कर (भीषण) कर्म हो रहा है—

यहाँ यह वीरमाता युद्ध में अपनें मारे गए पुत्र की खबर सुनकर सौभाग्य सूचक लाल वस्त्र पहिनी हुई सब शृङ्गार की हुई अपनी पुत्रवधू [वहू] के साथ चिता में जलकर मर रही है । [प्रशंसापूर्वक] वाह वीरमाता वाह ! तूं दूसरे जन्म में दीर्घायुपुत्रवाली होगी । तेरा पुत्र भी बड़ा शूर वीर व यशस्वी होगा । अच्छा दूसरी ओर खोजता हूँ । [दूसरी ओर देख कर] यह प्रहारों से जर्जर शरीरों वाले इन शूर वीरों का समूह जिसनें व्रणों पर पट्टी तक

१ 'हा हा दुक्करं क्खु' । [हा हा ! दुष्करं खलु] । २ 'रक्तांशुकयुगनेपथ्यया' । ३ 'सर्वाङ्गभूषणया' । ४ क्वचिन्न । ५ 'विचिणइस्सम् । [विचेष्यामि] । ६ 'अकिद व्रणप्पडिआरो' [अकृतव्रणप्रतीकारः] ।

gannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सुण्णासणं तुलङ्गमं उवालहिअ रोइदि। णूणं एदाणं एत्थ एव्व सामी वावादिदो। ता ण क्खु एदे वि जाणन्दि। होदु। अण्णदो गदुअ पुच्छिस्सम्। (सर्वतो विलोक्य) कहं सव्वो एव्व अवत्थाणुरूवं व्वसणं अणुभवन्तो भाअधेअविसमंसीलदाए[1] पज्जाउलो जणो। ता कं दाणीं एत्थ पुच्छिस्सम्?। कं वा उवालहिस्सम्।होदु।सअं एव्व एत्थ विचिणइस्सम्। (परिक्रम्य)होदु। देव्वं दाणीं उवालहिस्सम्। हंहो देव्व! एआदसाणं अक्खोहिणीणं णाहो, जेट्ठो भादुसदस्स, भत्ता गाङ्गअजयद्दथद्दोणङ्गराअ-

रोदिति। नूनमेतेषामत्रैव स्वामी व्यापादितः। तन्न खल्वेतेऽपि जानन्ति। भवतु। अन्यतो गत्वा प्रक्ष्यामि। कथं सर्व एवावस्थानुरूपं व्यसनमनुभवन्भागधेयविषमशीलतया पर्याकुलो जनः। तत्किमिदानीमत्र प्रक्ष्यामि। कं वोपालप्स्ये?। भवतु। स्वयमेवात्र विचेष्यामि। भवतु। दैवमिदानीमुपालप्स्ये। हंहो दैव! एकादशानामक्षौहिणीनां नाथो, ज्येष्ठो भ्रातृशतस्य, भर्ता गाङ्गयजयद्रथद्रोणाऽङ्गराजशल्यकृपकृतवर्माश्वत्थामप्रमु-

विषमशीलतया=विरुद्धतया। पर्याकुलः=व्याकुलः। व्याक्षिप्तचेताः।

अक्षौहिणीनामिति। २१८७० रथाः, २१८७० हस्तिनः, १०९३५० पदातयः, ६५६१० अश्वाः-मिलिता एकाऽक्षौहिणी सेना। ईदृशानामेकादशाक्षौहिणीनामधिपतिरित्यर्थः। भर्त्ता=पालकः। गाङ्गेयः=भीष्मः। रा-

नहीं बान्धी है, तथा जिनके घावों से रुधिर निकल रहा है,—सवार से शून्य ह घोड़े को आलिङ्गन कर रो रहा है। जरूर इनका राजा यहाँ मारा गया है [य उसी का घोड़ा है]। अच्छा तो ये भी नहीं जानते हैं। अच्छा दूसरी जग जाकर पूछता हूँ। [चारों ओर देखकर] यहाँ तो सभी लोग अपनी अपनी अवस्था के अनुरूप विपत्ति में पड़े हुए हैं और दैव के विमुख होने के कारण दुःख भोग रहे हैं और व्याकुल हो रहे हैं। यहाँ किससे पूछूं?। इसमें दो भी किसको दूं?। अच्छा मैं स्वयं ही महाराज को खोजता हूं। अच्छा! इसमें दै

१ 'विमुहदाए' [विमुखतया]। २ कचिन्न।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सल्लकिवकिद्वम्मअस्सत्थामप्पमुहस्स राअचक्कस्स सअलप्पुहवीमण्डलेक्कणाहो महाराअदुज्जोहणो वि अण्णेसीअदि !। अण्णेसीअन्तो वि[1] ण जाणीअदि कस्सिं उद्देसे वट्टइ त्ति! (विचिन्त्य[2] निःश्वस्य च) अहवा किं एत्थ देव्वं उवालहामि । जदो तस्स क्खु एदं णिब्भच्छिअविउरवअणवीअस्स, अवधीरिद[3]पिदामहहिदोवदेसङ्कुरस्स, सउणिहदअप्पोच्छाहणादिविरूढमूलस्स जदु-

---

ल्वस्य राजचक्रस्य, सकलपृथ्वीमण्डलैकनाथो महाराजदुर्योधनोऽप्यन्विष्यते!। अन्विष्यमाणोऽपि न ज्ञायते कस्मिन्नुद्देशे वर्तत इति !!। अथवा किमत्र दैवमुपालभे। यतस्तस्य खल्विदं निर्भर्त्सितविदुरवचनबीजस्याऽवधीरितपितामहहितोपदेशाङ्कुरस्य, शकुनिहतकप्रोत्साहनादिविरूढमूलस्य

चक्रस्य=राजसङ्घस्य । सकलपृथ्वीमण्डलस्य=सकलभूवलयस्य । एकनाथः=एकस्वामी, चक्रवर्ती । निर्भर्त्सितं–तिरस्कृतं विदुरवचनमेव बीजं=कारणं यस्य तस्य। अवधीरितः पितामहोपदेश एव अङ्कुरः–अभिनवोद्भेदो यस्य तस्येत्यर्थः। पापिना शकुनिना कृतं यत्प्रोत्साहनादि तदेव विरूढं मूलं यस्य तस्य । जतुगृहं द्यूतं विषं–विषदानं चेति शाखीव–जतुगृहद्यूतविषशाखी=लाक्षागृहादि-

---

[विधाता] को ही उलहना देता हूँ। अरे दुर्दैव ! ११ अक्षौहिणी सेना के स्वामी, १०० भाइयों में ज्येष्ठ, भीष्म जयद्रथ द्रोण कर्ण शल्य कृप कृतवर्मा अश्वत्थामा प्रभृति राजा महाराजाओं के पति, संपूर्ण पृथिवी के एक चक्रवर्ती महाराज दुर्योधन को भी खोजना पड़ता है कि—वह कहाँ किस कोने में है ?। अथवा दैव का भी इसमें दोष देना वृथा है। यह तो–विदुर'जी के वचनों का तिरस्कार ही जिसका बीज है, भीष्मपितामह के उपदेशों का न मानना ही जिसका अङ्कुर है, शकुनि आदि दुष्टों के प्रोत्साहन ही जिसकी मजबूत जड़ है, पुराना बद्धमूल वैर ही जिसका आलवाल [जड में जल देने का थल' 'मिट्टी का घेरा'] है, द्रौपदी

---

१ कचिन्न। २ 'विमृश्य'। ३ परिहुद ('परिभूत')।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

गेहजूदविससाहिणो सम्भूदचिरआलसम्बद्धवेरालवालस्स पञ्चालीकेसग्गहणकुसुमस्स फलं परिणमदि। (अन्यतो विलोक्य) अम्मो! जहा एत्थं एसो विविहरअणप्पहासंवलिदसूरकिरणप्पसूदसक्कचावसहस्ससंपूरिददसदिसामुहो लूणकेदुवंसो रहो दीसइ, ता अहं तक्केमि अवस्सं एदिणा महाराअदुज्जोहणस्सविस्सामुद्देसेण होदव्वम्। याव निरूपेमि। (उपगम्य दृष्ट्वा)

जतुगृहद्यूतविषशाखिनः संभूतचिरकालसम्बद्धवैरालवालस्य पाञ्चालीकेशग्रहणकुसुमस्य फलं परिणमति। अम्मो! यथात्रैष[2] विविधरत्नप्रभासंवलितसूर्यकिरणतसूतशक्रचापसहस्रसंपूरितदशदिङ्मुखो[3] लूनकेतुवंशो रथो दृश्यते, तदहं तर्कयाम्यवश्यमेतेन महाराजदुर्योधनस्य विश्रामोद्देशेन

क्रूरकर्मवृक्षस्य। संभूतं जातं चिरकालं सम्बद्धं=संसक्तं, स्थितं यत् वैरमेवाऽऽलवालम्=आवापो यस्य तस्य। पाञ्चालीकेशग्रहणमेव कुसुमं यस्य तस्य। शाखिनः–फलं=परिपाकः, परिणमति=उपनमति। उपागच्छति। 'अम्मो' इत्याश्चर्ये हर्षे वा देशी। अत्र=अस्मिन् प्रदेशे। विविधानि यानि रत्नानि, तेषां प्रभा=कान्तिः, तया संवलिताः ये सूर्यकिरणाः, तैः प्रसूता ये शक्रचापास्तेषां सहस्रैः संपूरितं दशदिशानां मुखं प्रान्तभागो येनासौ तथाभूतः। लूनः केतोर्वंशो यस्यासौ तथाभूतः। निकृत्तध्वजदण्डः। उत्तमजातिरत्नतेजोभिरिन्द्रधनुरारभ्यते इति रत्नविदः। विश्रामोद्देशेन=विश्रामस्थानेन। निरूपयामि=पश्यामि। नायकः=नेता। प्रभुः। 'अधिभूर्नायको नेता' इत्यमरः।

के केश पकड़कर खींचना ही जिसका पुष्प है, ऐसे लाक्षागृहदाह व द्यूत (जूआ) तथा विषदानरूपी विषवृक्ष का फल है।

[एक ओर देखकर]।

अरी मैया! यहाँ नाना प्रकार के रत्नों की कान्ति से मिलित जो सूर्य किरणें, उनसे निर्मित जो हजारों इन्द्र धनुष, उनसे दशों दिशाओं के मुख (कोना कोना) को जिसने परिपूर्ण कर दिया है, जिसकी ध्वजा का बाँस कट गया है ऐसा यह रथ दिखाई दे

१ क्वचिन्न। २ 'चैष'। ३ 'दिशामुखो'। ४ 'उपसृत्य दृष्ट्वा च'।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

निःश्वस्य च) कधं एआदहाणं अक्खोहिणीणं णाअको भविअ महाराओ दुज्जोहणो पइदपुरिसो विअ असलाहणीए भूमीए उवविट्ठो चिट्ठदि । अध वा तस्स क्खु एदं पञ्चालीकेसग्गह-कुसुमस्स फलं परिणमदि । [उपसृत्य दृष्ट्वा च] जअदु जअदु महाराओ ।

भवितव्यम् । यावन्निरूपयामि । कथमेकादशानामक्षौहिणीनां नायको भूत्वा महाराजो दुर्योधनः प्राकृतपुरुष इवाऽश्लाघनीयायां भूमावुपविष्ट-स्तिष्ठति । अथ वा तस्य खल्विदं पाञ्चालीकेशग्रहकुसुमस्य फलं परिणमति [जयतु जयतु महाराजः]।

सूतः—[विलोक्य] आयुष्मन् ! समरात्सुन्दरकः प्राप्तः ।

प्राकृतपुरुषः=साधारणो लोकः । अश्लाघनीयायाम्=अपरिष्कृतायाम् । अनुचितायाम् । पाञ्चाली=द्रौपदी । तस्याः केशग्रह एव कुसुमं यस्य वृक्षस्य तस्य। फलं=परिपाकः। उपसृत्य=समीपं गत्वा। पाठान्तरे–सञ्ज्ञया=सङ्केतेन ।

रहा है । इससे मैं यह विचार करता हूँ कि–यहीं पर महाराज दुर्योधन विश्राम कर रहे होगें । अच्छा चलकर देखता हूँ । [पासमें जाकर, देखकर, लम्बी सांस लेकर] हाय ! ग्यारह ११ अक्षौहिणी सेना का मालिक होकर भी महाराज दुर्योधन सामान्य मनुष्य की तरह इस असुन्दर (जंगली ऊंची नीची एवं अपरिष्कृत) भूमि पर बैठे हैं । अथवा द्रौपदी के केश पकड़ कर खींचना ही जिसका पुष्प है ऐसे उस चूतवृक्षका यह फल परिणत हुआ (पका) है।

(पास मेंजाकर, देखकर) महाराज की जय हो, जय हो ।

सूत—(देखकर) आयुष्मन् ! युद्धभूमि से सुन्दरक आया है ।

---

१ अस्य पाठस्य स्थाने कचित्–"[उपसृत्य सूतं सञ्ज्ञया पृच्छति] । सूतः–(दृष्ट्वा) अये ! कथं सङ्ग्रामात्सुन्दरकः सम्प्राप्तः । सुन्दरकः–(उपगम्य) जअदु जअदु महाराओ ! । दुर्योधनः–(विलोक्य)" इत्येवं पाठः ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्योधनः—[विलोक्य] अये सुन्दरक ! कच्चित्कुशलमङ्गराजस्य ? ।

सुन्दरकः—देव ! कुसलं सरीरमेत्तेण[1] ।
[देव ! कुशलं शरीरमात्रेण] ।

दुर्योधनः—[ससम्भ्रमं] सुन्दरक ![2] किं किरीटिनास्य निहता धौरयकाः[3], हतः सारथिर्भग्नो वा रथः ? ।

सुन्दरकः—देव ! ण भग्गो रहो ! से मणोरहो वि ।
[देव[4] ! न भग्नो रथः । अस्य मनोरथोऽपि] ।

दुर्योधनः [सरोषं] अरे ! किमेवमस्पष्टकथितैराकुलमपि[5]

अङ्गराजस्य=कर्णस्य। धुरं वहन्ति धौरेयाः। 'धुरो यड्ढकौ'। त एव धौरेयकाः= अश्वाः।'मनोरथोऽपी'त्यस्य 'भग्न' इति शेषः। तत्पुत्रस्य मृतत्वान्मनोरथभङ्ग इत्युक्तम्। महदनिष्टं जातमित्याशयः। अविस्पष्टकथितैः=गूढोक्तिभिः। सन्दिग्धभाषितैः।

दुर्योधन— (देखकर) अहो सुन्दरक ! कहो अङ्गराज कर्ण कुशल पूर्वक तो है ? ।

सुन्दरक—महाराज ! शरीरमात्र से तो कुशलपूर्वक हैं ।
[अर्थात् अभी जी रहे हैं पर बडी विपत्ति में हैं] ।

दुर्योधन—(बड़ी घवड़ाहट से) सुन्दरक ! क्या अर्जुन ने इनके घोड़ों को मार दिया है या सारथि को मार दिया है या रथ को ही तोड़ दिया है ! (क्या वात है जो तुम ऐसा कहते हो ?) ।

सुन्दरक—महाराज ! केवल रथ को ही नहीं नष्ट कर दिया है किन्तु इनका मनोरथ (प्रिय पुत्र) ही नष्ट कर दिया है ।

१ 'मेत्तकेण' । ['मात्रकेण'] ।

२ कच्चिन्न । ३ 'धौरेयाः' । ४ 'देव ! ण भग्गो रहो किंतु अम्हाणं सअलराअचक्कस्स मणोरहो वि' । 'ण रहो भग्गो' ।

५ 'किमविस्पष्टकथितैराकुलमपि पर्याकुलयसि मे हृदयं' ।

...nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N...

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

मे मनः पर्याकुलयसि ! । तदलं सम्भ्रमेण । अशेषतो विस्पष्टं कथ्यताम् ।

सुन्दरकः—जं देवो आणवेदि । अए दिट्ठिआ देवस्स मउड-मणिप्पहावेण अवणीदा मे रणप्पहारवेअणा (इति साटोपं परिक्रम्य) सुणादु देवो । अज्ज दाव कुमालदुस्सासणवहा-(इत्यर्धोक्ते मुखमावृणोति) ।

[यद्देव आज्ञापयति । अये ! दिष्ट्या देवस्य मुकुटमणिप्रभावेणापनीता मे रणप्रहारवेदना । शृणोतु देवः । अस्तीदानीं कुमारदुःशासनवधा—]

पर्याकुलयसि=नितरां व्याकुलीभावं नयसि । मनः=हृदयम् । अशेषतः=सकलम् । आदितः । विस्पष्टमिति क्रियाविशेषणम् । आज्ञापयति=आदिशति । देवस्य=राज्ञः । मुकुटमणिप्रभावेण=मुकुटमणिमाहात्म्येन । मुखावलोकनमात्रेण । कटाक्षमात्रेण । अपनीता=दूरीभूता । साटोपं=ससंरम्भम् । (पैतरा बदलकर) । परिक्रम्य=किञ्चित्पदान्तरमुपसृत्य । आवृ-

दुर्योधन—[क्रोध से] अरे ! इस प्रकार अस्पष्ट बातों से मेरे व्याकुल मन को अधिक व्याकुल कर रहा है ? । अतः घबड़ाओ मत । प्रारम्भ से सब वृतान्त साफ साफ कहो ।

सुन्दरक—जैसी महाराज की आज्ञा । बड़े हर्ष एवं सौभाग्य की बात है, महाराज के मुकुटमणि के प्रभाव से मेरे बाणों के प्रहारों की पीड़ा भी जाती रही है । [ऐसा कहकर बड़े तपाक से पास में आकर] महाराज ! सुनिए ! आज कुमार दुःशासन के वध—[ऐसा कहता २ बीच में ही भय से मुख छिपा लेता है]

१ कच्चिन्न ।

२ 'वाण' । ३ अत्थि दाणीं ['अस्तीदानीं'] ।

४ 'माच्छाद्य शङ्कां नाटयति' ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सूतः—सुन्दरक ! कथय । कथितमेव दैवेन ।

दुर्योधनः—कथ्यताम् । श्रुतमस्माभिः ।

सुन्दरकः—(स्वगतम्) कधं[1] दुस्सासणवहो सुदो देवेणं। (प्रकाशम्) सुणादु देवो । अज्ज[2] दाणीं कुमालदुस्सासणवहामरिसिदेण सामिणा अङ्गराएण [किद] कुडिलभिउडीभङ्गभीसणललाडवट्टेण अविण्णादसंधाणमोक्खेण[3] सिलीमुहसंधादवरिसिणा अभिजुत्तो सो दुराआरो दुस्सासणवेरिओ मज्झमपण्डवो भीमसेणहदओ ।

[कथं दुःशासनवधः श्रुतो देवेन । शृणोतु देवः । अद्य तावत्कुमारदुःशासनवधामर्षितेन स्वामिनाङ्गराजेन [कृतं] कुटिलभ्रुकुटीभङ्गभीषणललाटपट्टेनाऽविज्ञातसंधानमोक्षेण शिलीमुखसङ्घातवर्षिणाऽभियुक्तः स दुराचारो दुःशासनवैरी मध्यमपाण्डवो भीमसेनहतकः ।

णोति=आच्छादयति । मुखाच्छादनं च राजभीत्या । दैवेन=दुरदृष्टेन । श्रुतं=दुश्शासनवधाद्यनिष्टजातमाकर्णितम् । अर्द्धोक्तमेव पूरयति–वधामर्षितेनेति।

अमर्षितेन=क्रुद्धेन । अङ्गराजेन=कर्णेन । कुटिलाया भ्रुकुट्या यो भङ्गः-मोटनं, तेन भीषणं ललाटपट्टं यस्यासौ तथाभूतेन। शिलीमुखाः—वाणाः। अभियुक्तः=आक्रान्तः । दुराचारः=दुष्टकर्मा । दुःशीलः । मध्यमपाण्डवः=

सूत—कहो कहो ! यह दुःसंवाद तो दुर्दैवने ही कह दिया है । [अर्थात् महाराज को यह खबर मालूम ही हो चुकी है]।

दुर्योधन—हाँ, कहो कहो, मैं सब सुन चुका हूँ ।

सुन्दर—(मनहीमन) महाराजनें दुःशासनवध का हाल कैसे सुन लिया ? । (प्रकट) महाराज सुने । आज कुमार दुःशासन के वध से क्रुद्ध हुए क्रोध से टेढीं हुई भ्रुकुटी से जिनका ललाट पट्ट भयङ्कर हो गया है, जिन का वाण निकालना वँ छोडना तेजी के कारण मालूम नहीं होता था, जो वाणों की

१ क्वचिन्न । २ 'अज्ज दाव' [अद्य तावत्] ।
३ 'संधाणतिक्खमोक्खाणिक्खित्तसाधारावरिसिणा' । [सन्धानतीक्ष्णमोक्षनिक्षिप्तशरधारावर्षिणा] ।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

उभौ—ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः—तदो देव ! उहअबलमिलन्तदीप्पन्तकरितुरअपदादिसमुद्धूदधूलिणिअरेण[1] पंल्लत्थगअघढासंघादेण[2] अ वित्थरन्तेण अन्धआरेण अन्धीकिदं उहअबलम् । णं[3] हु गगणतलं लक्खीअदि ।

[ततो देव ! उभयबलमिलद्दीप्यमानकरितुरगपदातिसमुद्धूतधूलिनिकरेण पर्यस्तगजघटासंघातेन च विस्तीर्यमाणेनान्धकारेणान्धीकृतमुभयबलम् । न खलु[3] गगनतलं लक्ष्यते] ।

उभौ—ततस्ततः ? ।

भीमसेनः । उभयबलानां=कुरुपाण्डवबलानाम् । मिलत्=संश्लिष्यत् यत् करितुरगपदाति=हस्त्यश्वपादातं, तेन समुद्धूतः=उत्थितो यो धूलिनिकरः=रेणुसमूहः । पर्यस्ता=विस्तृता विपर्यस्ता च या गजानां=हस्तिनां, घटा=घटना, तस्याः सङ्घातः समूहस्तेन च । विस्तीर्यमाणेन=प्रवर्द्धमानेन । अन्धीकृतं=दृष्टिशक्तिविकलीकृतम् । बलं=सेना । न खलु=नैव ।

भीषण वर्षा कर रहे थे ऐसे स्वामी अङ्गराज नें उस दुःशासन वैरी भीमसेन पर प्रचण्ड आक्रमण किया ।

दुर्योधन व सूत—तब क्या हुआ ?

सुन्दरक—तब महाराज ! दोनों सेनाओं के परस्पर आक्रमण करने से इधर उधर दौड़ते हुए हाथी घोड़े सिपाहियों के पैरों से उठी हुई धूल से तथा इधर उधर फैले हुए हाथियों के झुण्ड से वहाँ अन्धकार फैल गया । किसी को हाथ से हाथ नहीं दिखाई देता था । आकाश या भूतल का पता नहीं था । ऐसा युद्ध प्रारम्भ हुआ ।

दुर्योधन—व सूत—तब क्या हुआ ? ।

---

१ 'णिवहेण' । २ 'पल्लत्थतत्तदअधडा–' । [पर्यस्ततत्तद्गजघटा] ।

३ 'ण भुवणतलं' [न भुवतलं] ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सुन्दरकः—तदो देव ! दूराकड्डिअधणुग्गुणाच्छोडणटङ्कार-गम्भीरभीसणेण अंधआरेण जाणीअदि—गज्जिदं पलअजल-हरेण त्ति ।

[ततो देव ! दूराकृष्टधनुर्गुणाच्छोटन[2]टङ्कार[1]गम्भीरभीषणेनान्धकारेण ज्ञायते 'गर्जितं प्रलयजलधरेणे'ति] ।

दुर्योधन.—ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः—तदो देव ! दोहिणं वि ताणं अण्णोण्णसिंहणाद-गज्जिदपिसुणं विविहपरिमुक्कप्पहरणाहदकवअसंगलिंद[3]जलण-विज्जुल्लअं[4] बहलरुहिलविंदुखज्जोअभासुरं गम्भीरत्थणिअचाप-

ततस्ततः=ततोऽग्रे किं जातन्तत्त्वरितं कथय । दूरमाकृष्टो यो धनुषो गुणस्तस्य यदाच्छोटनम्=आस्फालनं, विमोको वा, तेन तस्य वा यष्टङ्कारो-ध्वनिविशेषः, तेन । प्रलयजलधरेण गर्जितं=गर्जनं कृतमिति ज्ञायते। अन्धकारस्य मेघरूपत्वाद्धनुष्टङ्कारस्य च तद्गर्जितोपमत्वादित्याशयः। द्वयोः= कर्णभीमयोः । सिंहनादः=सिंहवन्नादो ध्वनिः स एव गर्जितस्य मेघध्वनेः पिशुनः=सूचको यत्रेत्यर्थः । विविधानि परिमुक्तानि=प्रयुक्तानि यानि प्रहर-

सुन्दरक—तव महाराज ! (कर्ण व भीष्म आदि से) दूर तक खींचकर छोड़ी गई धनुष की डोरी की टङ्कार से उस अन्धकार में प्रलयकाल के मेघ की सी ध्वनि होती थी । [मेघ में भी गडगडाहट होती ही है । यहाँ अन्धकार मेघ है, उसमें धनुष की ध्वनि ही गडगडाहट है] ।

दुर्योधन—तव क्या हुआ ? ।

सुन्दरक—तव महाराज ! उन दोनों का परस्पर सिंहनाद ही जिसमें गर्जन है, नाना प्रकार के छोड़े गए शस्त्र अस्त्रों से ताडित लौह कवचों से निकलनें वाली अग्नि ही जिसमें चमकती हुई बिजली है, घन रुधिर के बिंदु

१ 'टङ्कारेण' 'टङ्कारान्धकारेण' । २ 'स्फोटन' । ३ क्वचिन्न। ४ 'संज्वलित' । 'सञ्जनित' । ५ 'विद्युत्कं' । 'विद्युच्छटाभासुरं' । 'विद्युच्चक्रं'।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

जलहरप्पसरन्तसरधारासहस्सवरिसदुद्दंसणं जादं समरदुद्दिणं ।

[ततो देव ! द्वयोरपि तयोरन्योन्यसिंहनादगर्जितपिशुनं विविधपरिमुक्तप्रहरणाहतकवचसङ्कलितज्वलनविद्युल्लतं, बहलरुधिरबिन्दु-खद्योतभासुरं, गम्भीरस्तनितचापजलधरप्रसरच्छरधारासहस्रवर्षदुर्दर्शं जातं समरदुर्दिनम्]

दुर्योधनः--ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः—तदो देव ! एदस्सिं अन्तरे जेट्ठस्स भादुणो परिभवसङ्किणा धणंजएण वज्जणिग्घादणिग्घोसविसमरहेरसिद-

---

णान्यायुधानि, तैराहतानि=परिघट्टितानि यानि कवचानि, तैः सङ्कलितो निस्सृतो यो ज्वलनः=वह्निः स एव विद्युल्लता यत्र तत् । बहलं-घनीभूतं यद्रुधिरं, तस्य ये बिन्दवः, त एव खद्योताः=ज्योतिरिङ्गणाः, तैर्भासुरं=देदीप्यमानम् । 'खद्योतो ज्योतिरिङ्गणः' इत्यमरः । गम्भीरं स्तनितं गर्जितं यस्य तादृशश्च य एव जलधरो मेघः, तस्मात् प्रसरत्=निःसरत् यत् शराः=

रूप खद्योतों [पटवीजना] से जो देदीप्यमान हो रहा है, धनुष ही जिसमें गर्जते हुए मेघ हैं, छूटती हुई बाणों की हजारों धाराओं से जो देखनें में भयानक है ऐसा युद्धरूपी दुर्दिन उपस्थित हो गया । [अर्थात् भीम व कर्ण का भयानक युद्ध होने लगा और उससे अन्धेरा छा गया] ।

दुर्योधन—तब क्या हुआ ? ।

सुन्दरक—तब देव ! इसी बीच में अपनें बड़े भाई भीमसेन के परास्त होने के भय से अर्जुननें—वज्र के गिरने की कड़कड़ाहट की तरह जिस [के घोड़ों] की तीखी ध्वनि है, जिसके शिखर [चोटी] पर हनूमान् जी विराजमान

---

१ 'सहस्सवरिसं' ['सहस्रवर्षि'] । २ 'संभूदं' [संभूतं] ।
३ 'संज्वलितं' । ४ 'विद्युच्छटाभासुरं, गम्भीर' ।
५ 'जलधरं' । ६ 'तदो अ' [ततश्च] । ७ 'पराभव' ।

८ 'वज्जणिग्घादणिग्घोसो विसमरसिदहरसिदहओ सिहरट्ठिदवाणरो । [वज्रनिर्घातनिर्घोषो विषमरसितहर्षितहयः शिखरस्थितवानरः]। वज्रणिग्घादणिग्घोसविसमरसिदधअअग्गट्ठिदमहावाणरो' । [वज्रनिर्घातनिर्घोषविषमरसितध्वजाग्रस्थितमहावानरः] ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

हयो, सिहरअग्गट्ठि[1]द[2]महावाणरो, तु[3]रङ्गसंवाहणवापिदवासुदेवसङ्खचक्कासिगदालंछि[4]दचट्ठुलचउब्बाहुदुद्दंसणो, आपूरिअपञ्चजण्णदेअअत्ततारसिदप्पडिरवभरिददसदिसामुहकुहरो धाविदो तं उद्देसं रहवरो।

[त[5]तो देव ! एतस्मिन्नन्तरे ज्येष्ठस्य भ्रातुः परिभवशङ्किना धनञ्जयेन वज्रनिर्घातनिर्घोषविस्मरहेषितहयः, शिखराग्रस्थितमहावानरस्तुरङ्गम

वाणा एव (तेषां वा) धारासहस्रं, तन्मयं यद्वर्ष=वृष्टिः, तेन दुर्दर्शनं=दुष्प्रेक्ष्यम्। समर एव दुर्दिनम्। 'धारासंपात आसारः' इत्यमरः। 'मेघच्छन्नेऽह्नि-दुर्दिनम्' इत्यमरः। ज्येष्ठस्य=भीमस्य। वज्रस्य=कुलिशस्य, निर्घातवत्=पतनशब्दवत्, यो निर्घोषः=रथचक्रशब्दः, तेन विस्मराः—चञ्चलाः, हेषिताः=शब्दायमाना हया यस्यासौ तथा। यद्वा विस्मरहेषिताः=व्याप्तध्वनयो हया यस्येत्यर्थः। वस्तुतस्त्वयं पाठो न समीचीनः। "वज्रनिर्घातनिर्घोषविषमरसितध्वजाग्रस्थितमहावानरः" इत्येव तु क्काचित्कः पाठोऽत्र युक्तः। वज्राघातशब्दवद्विषमगर्जित-ध्वजाग्रस्थित-हनूमद्विराजित इति च तदर्थः।

शिखरेति। ध्वजशिखराग्रस्थितमारुतिरित्यर्थः। तुरङ्गमाणां घोटकानां संवाहने=सेवायां व्यापृतः=प्रसक्तो यो वासुदेवः=कृष्णः, तस्य शङ्खादिलाञ्छितैः=शङ्खादिचिह्नितैः, चटुलैः=मनोहरैः चञ्चलैर्वा। चतुर्भिर्बाहुभिः दुर्दर्शनः=दुर्निरीक्ष्यः। भक्तप्रियो भगवान् चतुर्भुजो भूत्वाऽर्जुनरथं वाहयामासेति पुराणविदः। विष्ण्ववतारतया वाऽत्र कृष्णस्य चतुर्भुजत्वोक्तिरिति ध्येयम्। आपूरितौ=वादितौ यौ पाञ्चजन्यदेवदत्तौ=कृष्णार्जुनशङ्खौ, तयोः

हैं, जिसके घोड़े की सेवा शुश्रूषा व लगाम पकड़ना आदि में भगवान् श्रीकृष्ण शङ्ख चक्रादियुक्त चारों भुजाओं से लगे हुए हैं, और बजाए गए पाञ्चजन्य [श्रीकृष्ण का शङ्ख] व देवदत्त [अर्जुन का शङ्ख] के तीखे शब्द की प्रतिध्वनि से जिसने दशों दिशाओं के मुख को भर दिया है ऐसे—अपने श्रेष्ठ रथ को उस ओर दौड़ाया।

---

१ क्वचिन्न। २ 'विसमरसिदधअअग्गट्ठिदवाणरो'। ['विषमरसितध्वजाग्रस्थितवानरः]। ३ 'तुरङ्गमधारणवावारिद'। ['तुरङ्गमधारणव्यापारित']। ४ लञ्छिदचउब्बाहुदण्डो। [लक्षितचतुर्बाहुदण्डः]। ५ 'ततश्च'।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

संवाहनव्यापृतवासुदेवशङ्खचक्रासिगदालाञ्छितचटुलचतुर्बाहुदण्ड, आपूरितपाञ्चजन्यदेवदत्ततारसितप्रतिरवभरितदशदिशामुखकुहरो धावितस्तमुद्देशं रथवरः]।

दुर्योधनः—ततस्ततः ?।

सुन्दरकः—ततो भीमसेणधणंजएहिं अभिजुत्तं पिदरं पेक्खिअ ससम्भमं विअलिअं अवधूणिअ रअणसीसअं आकण्णाकट्ठिदकठिणकोदण्डजीओ[1] दाहिणहत्तक्खित्तसरपुंखविघट्टणतुवराइदसारहीओ[2] तं देसं उवगदो कुमालविससेणो।

[ततो भीमसेनधनञ्जयाभ्यामभियुक्तं पितरं प्रेक्ष्य ससंभ्रमं विगलितमवधूय रत्नशीर्षकमाकर्णाकृष्टकठिनकोदण्डजीवो[1] दक्षिणहस्तोत्क्षिप्तशरपुङ्खविघट्टनत्वरायितसारथिकस्तं देशमुपगतः कुमारवृषसेनः]।

यत्तारं=दीर्घतरं, रसितं=ध्वनिः, तस्य यः प्रतिरवः=प्रतिध्वनिः, तेन भरितानि=पूरितानि दशदिशानां मुखानां कुहराणि=छिद्राणि येनासौ तथाभूतः। धावितः=वेगेन प्रचालितः। उद्देशं=प्रदेशम्। भीमाङ्गराजयुद्धभुवम्।

अभियुक्तम्=आक्रान्तम्। पितरं=कर्णम्। विगलितं=त्वरानिपतितम्[3]। एतेन भाव्यमङ्गलं सूचितम्। अवधूय=परित्यज्य। रत्नशीर्षकं=रत्नघटितं शिरस्त्राणम्। 'शीर्षकं शीर्षण्यं च शिरस्त्रे' इत्यमरः। आकर्णम्=कर्णान्तम् आकृष्टा कठिनस्य कोदण्डस्य=धनुषः, जीवा=मौर्वी येनासौ तथाभूतः। 'कोदण्डज्य' इत्यपि केचित्पठन्ति। दक्षिणहस्तेन उत्क्षिप्तः=तूणीरान्निष्कासितो यः शरः=बाणः, तस्य यः पुङ्खः=बाणमूलभागस्तेन यद्विघट्टनं=स्पर्शः,

---

दुर्योधन—तब क्या हुआ ?।

सुन्दरक—तब भीमसेन व अर्जुन द्वारा अपनें पिता कर्ण को घिरा देखकर बड़ी हड़बड़ाहट से, जल्दी के मारे गिरे हुए[3] अपनें रत्न जटित शिर के टोप को भी न उठाकर, कानतक धनुष की कठिन डोरी को खींचकर, दक्षिण

---

१ 'ज्यः'। 'कोदण्डमण्डलो'।

२ 'दाहिणहत्थविक्खित्तसरपुङ्खवन्धणो विघट्टणतुवराइदसारहीओ'। [दक्षिणहस्तविक्षिप्तशरपुङ्खवन्धनस्त्वरायितसारथिकः]। 'शरपुङ्खो' [शरपुङ्खः]।

३ कवि ने इससे भावी अमङ्गल को सूचित किया है।

gannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्योधनः--(सावष्टम्भम्) ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः—तदो अ देव ! तेण आअच्छन्तेण एव्व कुमालविससेणेण विदलिदासिलदासामलसिणिद्धपुङ्खेहिं कठिणकङ्कवत्तेहिं किसणवण्णेहिं साणसिलणिसिदसामलसल्लवन्धेहिं कुसुमिदो विअ तरू मुहुत्तएण सिलीमुहेहिं पच्छादिदो धणंजअस्स रहवरो ।

[ततश्च देव ! तेनागच्छतैव कुमारवृषसेनेन विदलिताऽसिलताश्यामलस्निग्धपुङ्खैः कठिनकङ्कपत्रैः कृष्णवर्णैः शाणशिलानिशितश्यामलशल्यबन्धैः कुसुमित इव तरुर्मुहूर्तेन शिलीमुखैः प्रच्छादितो धनञ्जयस्य रथवरः]

उभौ— (सहर्षम्) ततस्ततः ? ।

तेन त्वरायितः=प्रेरितः सारथिर्येनासौ तथाभूतः । बाणपृष्ठभागताडितसारथिक इति यावत् । वृषसेनः=कर्णपुत्रः । सावष्टम्भं=सधैर्यम् । विदलिता=निशिता खण्डिता वा या असिलता=खङ्गः, तद्वत् श्यामलाः=कृष्णाः,स्निग्धाः=मसृणाश्च पुङ्खा वाणमूलानि येषान्तैः । 'विदलिदसिहासामल' [विदलितशिखाश्यामल] इति पाठे—विदलितं=पिष्टं यत् शिखि=तुत्थाञ्जनं (तूतिया) तद्वन्नीलेत्यर्थः । कठिनानि सुदृढानि कङ्कपत्राणि=पुङ्खा येषान्तैः । अत एव कृष्णवर्णैः=नीलैः । अत एव भ्रमरसाम्यम् । शाणशिलया=भ्रमणयन्त्रेण निशिताः=तीक्ष्णाः श्यामलाः=कृष्णाः, शल्यबन्धाः=बाणाग्रफलानि येषान्तैः । शिलीमुखाः=वाणा, भ्रमराश्च । 'शिलीमुखौ बाणभृङ्गौ' इत्यमरः । कुसुमितः=पुष्पितः । मुहूर्त्तेन=क्षणमात्रेण । तीक्ष्णं विक्षिप्ताः=दृढं विसृष्टाः,

---

हाथ से निकाले गए बाण के मूल भाग से खोदकर सारथि को जल्दी जल्दी रथ को चलाने को कहते हुए कुमार वृषसेन [कर्ण के पुत्र] वहाँ आए ।

दुर्योधन—(बडे गर्व से) तब क्या हुआ ? ।

सुन्दरक—तबतो देव ! आतेहो कुमार वृषसेन ने शाणपर चढे हुए खड्ग की तरह नीले एवं स्निग्ध [चमकीले] पुङ्ख वाले, कठिन कङ्कपत्र [गृध्र की पाँख] वाले, काले २, शाण पर चढ़ने से तीखे व नीले फल वाले बाणों से अर्जुन के श्रेष्ठ रथ को ऐसे ढक दिया जैसे पुष्पित वृक्ष को भौंरे ढक लेते हैं ।

दुर्योधन सूत—तब क्या हुआ ? ।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सुन्दरकः—तदो देव ! तीक्खविक्खित्तणिसिदभल्लवाणवरिसिणा धणंजएण ईसि विहसिअ भणिदम्—'अरे रे विससेण ! पिदुणो वि दाव दे ण जुत्तं मह कुविदस्स अभिमुहं ठादुं किं उण भवदो बालस्स !। ता गच्छ। अवरेहिं कुमारेहिं सह गदुअ आओधेहि।' एव्वं वाअं णिसमिअ गुरुअणाहिक्खेवेण उद्दीविअकोवोपरत्तमुहमण्डलविअम्भिअभिउडिभङ्गभीसणेण चावधारिणा कुमालविससेणेण मम्मभेदएहिं परुसविसमेहिं सुदिवहकिदप्पणएहिं[1] णिब्भच्छिदो गण्डीवी वाणेहिं ण उण दुट्ठवअणेहिं।

[ततो देव ! तीक्ष्णविक्षिप्तनिशितभल्लबाणवर्षिणा धनञ्जयेनेषद्विहस्य भणितम्—'अरे रे वृषसेन ! पितुरपि तावत्ते न युक्तं मम कुपितस्याभिमुखं स्थातुं, किं पुनर्भवतो बालस्य !। तद्गच्छ। अपरैः कुमारैः सह गत्वा युध्यस्व। एवं वाचं निशम्य गुरुजनाधिक्षेपेणोद्दीपितकोपोपरक्त-

ये निशितभल्लबाणाः=तीक्ष्णभल्लबाणाः, तान् वर्षति तच्छीलेन। भणितम्=उक्तम्। स्थातुं युक्तं=स्थातुं शक्यम्। अभिमुखं=संमुखम्। गुरुजनस्य=पितुः. अधिक्षेपेण=निन्दया। उद्दीपितः=प्रवृद्धो यः कोपः=क्रोधः, तेन उपरक्तं यन्मुखमण्डलं, तत्र विजृम्भिताः=साटोपं वद्धा या भृकुटी, तस्या भङ्गेन=आमोटनेन भीषणः=भयङ्करस्तेन। क्रोधान्धेनेत्यर्थः। परुषविषमैः=क्रूरकुटिलैः, श्रुतिपथकृतप्रणयैः=कर्णान्तातिपातिभिः। 'सुतवधकृतप्रणयै'रिति पाठे—स्वपुत्राभिमन्युवधोपयुक्तैरित्यर्थः। निर्भर्त्सितः=तर्जितः। गाण्डीवी=अर्जुनः। अर्जुनं प्रति कुमारेण वाणाः प्रहिता

सुन्दरक—तव महाराज ! तीखे व चमकीले भल्ल [भाला या वाण विशेष] एवं वाणों की वर्षा करते हुए अर्जुन ने हंसकर कहा—अरे ओ वृषसेन ! क्रुद्ध हुए मेरे सामने जब तेरा बाप भी नहीं टिक सकता हैं तो तेरी वालक की तो वातही क्या है ? । अतः जा अपने बरावरी के दूसरे राजकुमारों के साथ लड। इस प्रकार वाणी सुनकर अपने पिताकी निन्दा के सुनने से क्रुद्ध होने से जिसका

[1] 'सुदवहकिदप्पणएहिं' [सुतवधकृतप्रणयैः]।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

मुखमण्डलविजृम्भितभृकुटीभङ्गभीषणेन चापधारिणा कुमारवृषसेनेन मर्मभेदकैः परुषविषमैः श्रुतिपथकृतप्रणयैर्निर्भर्त्सितो गाण्डीवी बाणैर्न पुनर्दुष्टवचनैः]।

दुर्योधनः—साधु वृषसेन ! साधु । सुन्दरक ! ततस्ततः।

सुन्दकः—तदो अ देव ! णिसिदसराभिघादवेअणोपजादमण्णुणा किरीटिणा चण्डगण्डीवजीआसद्दणिज्जिदवज्जणिग्घादघोसेण बाणणिपडणपडिसिद्धदंसणप्पसरेण पत्थुदं सिक्खाबलाणुरूवं किं वि अच्चरिअम् ।

[ततश्च देव ! निशितशराभिघातवेदनोपजातमन्युना किरीटिना चण्डगाण्डीवजीवा²शब्दनिर्जितवज्रनिर्घातघोषेण बाणनिपतनप्रतिषिद्धदर्शनप्रसरेण प्रस्तुतं शिक्षाबलानुरूपं किमप्याश्चर्यम्]।

इत्यर्थः । निशितेति । तीक्ष्णबाणाघातपीडोपजातक्रोधेनेत्यर्थः । किरीटिना=अर्जुनेन ।

चण्डेति । चण्डं यत् गाण्डीवं–तस्य या जीवा—मौर्वी, तस्या यः शब्दस्तेन निर्जितो वज्रनिर्घातस्य=वज्रपातस्य घोषो येनासौ तेनेत्यर्थः।

बाणेति । शरनिपातावरुद्धनेत्रगतिना । स्थगितलोचनेनेत्यर्थः । प्रस्तुतं=प्रारब्धम् । शिक्षाबलयोः=विद्यापराक्रमयोः । अनुरूपं=तुल्यम् । किमपि=

मुख मण्डल लाल हो गया है और भृकुटी के चढ जाने से जिसका मुख भयङ्कर हो गया है ऐसे उस कुमार वृषसेन नें धनुष हाथ में लेकर मर्म को भेदन वाले तीखे व कठोर तथा कान तक खीचे हुए बाणों से अर्जुन को जवाव दिया न कि मर्मभेदी तीखे कर्णकटु दुष्ट वचनों से (उत्तर दिया)।

राजा—वाह वृषसेन ! वाह ! सुन्दरक ! तव क्या हुआ ! ।

सुन्दरक—तव तो महाराज ! तीखे २ बाणों की चोट लगने से पीडित व क्रुद्ध अर्जुन नें प्रचण्ड गाण्डीव की डोरी के शब्द से वज्रपात के भयङ्कर शब्द को भी जीत लिया, एवं बाण की वर्षा के कारण वहाँ नेत्रों से कुछ दिखाई ही नहीं

---

१ कच्चिन्न । २ 'ज्या' ।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्योधनः—(साकूतम्) ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः—तदो अं[1] देव ! तं तारिसं पेक्खिअ सत्तुणो समरव्वावारचउरत्तणं अविभाविअतूणीरमुहधणुग्गुणगमणागमणसरसंधाणमोक्खचडुलकरअलेण कुमालविससेणेण वि सविसेसं पत्थुदं समलकम्म ।

[ततश्च देव ! तत्तादृशं प्रेक्ष्य शत्रोः समरव्यापारचतुरत्वमविभावित-तूणीरमुखधनुर्गुणगमनाऽऽगमनशरसन्धानमोक्षचटुलकरतलेन कुमार-वृषसेनेनापि सविशेषं प्रस्तुतं समरकर्म] ।

दुर्योधनः—ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः—तदो अं देव ! एत्थन्तरे विमुक्क[2]समरव्वावारो

अनिवर्चनीयं चमत्कारकारि । साकूतं=साभिप्रायम् । किं कृतमिति विज्ञातुं पृच्छतीति यावत् । तादृशं=चमत्कारकारि । शत्रोः=अर्जुनस्य ।

समरव्यापारचतुरत्वं=युद्धकर्मपटुत्वम् । अविभावितेति । अविभावितं= अलक्षितं-तूणीरमुखे धनुर्मुखे च यद्गमनाऽऽगमनं=यातायातं, शरस्य सन्धानं च मोक्षश्च, तत्र चटुलं=चञ्चलं, करतलं=हस्ततलं यस्य तेनेत्यर्थः । सविशेषं=विशिष्टम् । 'अविभावित'ति याताऽऽयातादीनां विशेषणमिति केचित् । विमुक्तेति । परित्यक्तयुद्धव्यापार इत्यर्थः । मुहूर्त्तं यावद्विश्रामितः=

देता था, किन्तु बाण ही बाण दिखाई देते थे । इस प्रकार अर्जुन ने अपनी विद्या शिक्षा व पराक्रम के अनुरूप ही आश्चर्यजनक पराक्रम दिखाना प्रारम्भ किया ।

दुर्योधन—(बडे आग्रह पूर्वक) तब क्या हुआ ? ।

सुन्दरक—तब तो महाराज ! शत्रु (अर्जुन) की इस प्रकार युद्ध कुशलता देखकर कुमार वृषसेन ने भी—भाथी के मुख तक हाथ का जाना, धनुष की प्रत्यञ्चा पर बाण का चढ़ाना, बाण का खींचना व छोड़ना–बिलकुल नहीं मालूम हो—ऐसी कुशलता (हस्तलाघव) से अद्भुत युद्ध व्यापार प्रारम्भ किया ।

दुर्योधन—तब क्या हुआ ? ।

सुन्दरक—तब तो देव ! कौरव पाण्डव सेनाओं के वीर लोग अपना २

१ क्वचिन्न । २ 'परिसेसिदरणवावारो' । [परिशेषितरणव्यापारो'] ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

मुहुत्तविस्सामिदवेराणुबन्धो दोणं वि कुरुराअपण्डवबलाणं 'साहु कुमालविससेण ! साहु' त्ति किदकलअलो वीरलोओ अबलोइदुं पउत्तो।

[ततश्च देव ! अत्रान्तरे विमुक्तसमरव्यापारो मुहूर्तविश्रमितवैरानुबन्धो द्वयोरपि कुरुराजपाण्डवबलयोः 'साधु कुमारवृषसेन ! साधु' इति कृतकलकलो वीरलोकोऽवलोकयितुं प्रवृत्तः]।

दुर्योधनः—(सविस्मयं) ततस्ततः ?।

सुन्दरकः—तदो अ देव ! अवहीरिदसअलधाणुक्कचक्कपराक्कमसालिणो सुदस्स तहाविहेण समलकम्मालम्भेण हरिसरोसकरुणासङ्कासङ्कडे वट्टमाणस्स सामिणो अङ्गराअस्स णिवडिआ सरपद्धइ भीमसेणे, वाप्पपज्जाउला दिट्ठी कुमालविससेणे।

[ततश्च देव ! अवधीरितसकलधानुष्कचक्रपराक्रमशालिनः सुतस्य तथाविधेन समरकर्मारम्भेण हर्षरोषकरुणाशङ्कासङ्कटे वर्तमानस्य स्वामिनोऽङ्गराजस्य निपतिता शरपद्धतिर्भीमसेने, बाष्पपर्याकुला दृष्टिः कुमारवृषसेने]।

परित्यक्तः, वैरानुबन्धः=वैरसंपर्को येनेत्यर्थः । 'वीरलोक' इत्यनेनान्वेति। इति=इत्थं । कृतकलकलः=कृतकोलाहलः । वीरलोकः=योधजनः । अवधीरितं=तिरस्कृतं सकलधानुष्काणां चक्रं येन तादृश पराक्रमशालिन इत्यर्थः। तथाविधेन=अतिमानुषेण । समरेति । युद्धकर्मारम्भेणेत्यर्थः ।

युद्धव्यापार छोड़कर घड़ी भर वैर को भुलाकर उस रोमहर्षण युद्ध को देखने लगे। और रह रह कर 'वाह ! कुमारवृषसेन ! वाह' इस प्रकार लोगों के मुख से प्रशंसा की ध्वनि निकलने लगी।

दुर्योधन—तब क्या हुआ ?।

सुन्दरक—सम्पूर्ण धनुर्धरों के समूह को तिरस्कृत करनेवाले अपने पुत्र का अद्भुत पराक्रम देखकर हर्ष रोष करुणा व शङ्का के बीच में पड़े हुए स्वामी अङ्गराज (कर्ण) ने भीमसेन पर तो बाण पंक्ति फेंकी, और अपने पुत्र पर वाष्पपर्याकुल स्नेहदृष्टि (एक साथ ही) डाली।

---

१ कचिन्न । २ विमुक्कचिरणिव्वट्टिदवेराणुबन्धो' [विमुक्तचिरनिवर्त्तितवैरानुबन्धः]। ३ 'सकलराअधानुक्क' [सकलराजधानुष्क]। ४ 'अणुवट्टमाणस्स' [अनुवर्त्तमानस्य]।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्योधनः—(सभयं) ततस्ततः ?।

सुन्दरकः—तदो अ देव ! उभअबलप्पउत्तसाहुकारामरिसिदेण सरवंरिसज्जलिदेण गण्डीविणा तुरगेसु सारहिं वि रहवरे धणुं वि जीआइं वि णलिन्दलञ्छणे सिदादवत्ते अ व्वावारिदो समं सिलीमुहासारो।

[ततश्च देव ! उभयबलप्रवृत्तसाधुकारामर्षितेन शरवर्षप्रज्वलितेन गाण्डीविना तुरगेषु सारथावपि रथवरे धनुष्यपि जीवायामपि नरेन्द्रलान्छने सितातपत्रे च व्यापारितः समं शिलीमुखासारः]।

दुर्योधनः—(सभयं) ततस्ततः ?।

सुन्दरकः—तदो अ देव ! विरहो लूणगुणकोदण्डो परिब्भमणवावारमेत्तपडिसिद्धसरसम्पादो मण्डलग्गेण विअरिदुं पउत्तो कुमालविससेणो।

हर्षेति । पुत्रपराक्रमदर्शनाद्धर्षः, भीमसेनकर्मस्मरणाच्छत्रुदर्शनाद्वा क्रोधः, बालत्वात्कुमारस्य करुणा, अर्जुनस्य महाबलित्वाच्छङ्का चेति विवेकः।
पद्धतिः—बाणपङ्क्तिः । बाष्पपर्याकुला=हर्षकरुणाशङ्काबाष्पस्तिमिता । दृष्टिः=लोचनम् । पतितेति शेषः । उभयेति । कुरुपाण्डवसेनासमुद्भूतसाधुवादकुपितेन । गाण्डीविना=अर्जुनेन । नरेन्द्रलाञ्छने-राजचिह्ने । सितातपत्रे=श्वेतच्छत्रे ।

दुर्योधन—(भयपूर्वक) तब क्या हुआ ?।

सुन्दरक—लोगों की वाहवाही सुनकर क्रुद्ध होकर तथा तीखे २ बाणों की वर्षा से पीड़ित होकर अर्जुन ने एक साथ ही वृषसेन के घोड़ों पर, सारथी पर, रथ पर, धनुष पर, प्रत्यञ्चा पर, राज चिह्न भूत सफेद छत्र पर तीखे २ बाणों की झडी लगा दी।

दुर्योधन—(भयपूर्वक) तब क्या हुआ ?।

---

१ क्वचिन्न । २ 'सिलीमुहा' [शिलीमुखाः]।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

[ततश्च[1] देव ! विरथो लूनगुणकोदण्डः परिभ्रमणव्यापार[2]मात्र-प्रतिषिद्धशरसंपातो मण्डलाग्रेण विचरितुं प्रवृत्तः कुमारवृषसेनः]।

दुर्योधनः—(साशङ्कं[3]) ततस्ततः ?।

सुन्दरकः—तदो[1] अ[1] देव ! सुदरहविद्धंसणामरिसिदेण सामिणा अङ्गराएण अगणिअभीमसेणाभिजोएण पडिमुक्को[4] धणञ्जअस्स उवरि सिलीमुहासारो । कुमाल[1]विससेणो वि परिजणोवणीदं अण्णं रहं आरुहिअ पुणो वि पउत्तो धणञ्जएण[5] सह आओधेदुम् ।

[ततश्च[1] देव ! सुतरथविध्वंसनामर्षितेन स्वामिनाऽङ्गराजेनाऽगणित-भीमसेनाभियोगेन परिमुक्तो धनं[1]जयस्योपरि शिलीमुखासारः । कुमार-

---

व्यापारितः=विमुक्तः । आसारः=वेगवान् वर्षः । ['झडी' 'मूसलधार वर्षा'] । विरथः=विध्वस्तरथः । लूनेति । छिन्नधन्वेत्यर्थः । परिभ्रमणमात्रेण-प्रतिषिद्धो बाणप्रहारो येन तथाभूतः । मण्डलाग्रः=कृपाणः । मण्डलानीति पाठे–मण्डलाकारगतिविशेषानित्यर्थः । (पैंतरा बदलना) । अगणिते

सुन्दरक—तब तो महाराज ! जब कुंवर वृषसेन का रथ टूट गया, धनुष की डोरी कट गई, धनुष टूट गया तब हाथ में तलवार लेकर पैतरों से ही बाणों की वर्षा को रोकते हुए कुमार युद्ध भूमि में विचरने लगे ।

दुर्योधन—[आशङ्कापूवक] तब क्या हुआ ?।

सुन्दरक–तब तो महाराज ! अपने पुत्र के रथ के विध्वंस से कुपित हो स्वामी अङ्गराज ने भीमसेन के द्वारा चलाए गए अस्त्र शस्त्रों की भीषण वर्षा की

---

१ क्वचिन्न । २ 'परिब्भमणमेत्तवावारो मण्डलाइं विरइदं पउत्तो कुमालो' । [परिभ्रमणमात्रव्यापारो मण्डलानि विरचयितुं प्रवृत्तः कुमारः]।

३ 'अहो ! बालस्य पराक्रमो मूढता च' । ४ 'पल्लत्थो' [पर्यस्तो]।

५ 'धणञ्जआभिजोए' [धनञ्जयाभियोगे]।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

वृषसेनोऽपि परिजनोपनीतमन्यं रथमारुह्य पुनरपि प्रवृत्तो धनञ्जयेन सहायोधितुम् ।

[उभौ --साधु वृषसेन ! साधु । ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः--तदो देव !] भणिदं च कुमालेण—'रे रे तादाहिक्खेवमुहल मज्झमपण्डव ! मह सरा तुह सरीरं उज्झिअ अण्णस्सिं ण णिवडन्ति' त्ति भणिअ सरसहस्सेहिं पण्डव-सरीरं पच्छादिअ सिंहणादेण गज्जिदुं पउत्तो ।

[ततो देव ! भणितं च कुमारेण—'रे रे ताताधिक्षेपमुखर मध्यम-पाण्डव ! मम शरास्तव शरीरमुज्झित्वाऽन्यस्मिन्न निपतन्ति' इति भणित्वा शरसहस्रैः पाण्डवशरीरं प्रच्छाद्य सिंहनादेन गर्जितुं प्रवृत्तः] ।

दुर्योधनः--(सविस्मयं) अहो ! बालस्य पराक्रमो मुग्ध-स्वभावस्याऽपि । ततस्ततः ? ।

भीमसेनस्य अभियोगः=आक्रमणं येनासौ तथाभूतेन । परिजनोपनीतं= सेवकाद्युपनीतम् । आयोधितुं=युद्धं कर्त्तुम् । उभौ=दुर्योधनसारथी । ताता-धिक्षेपमुखर=मत्पितृनिन्दादुर्मुख । निन्दापरायणेति यावत् । उज्झित्वा=

कुछ भी परवाह न करके अर्जुन के ऊपर भी वाणों की भीषण वर्षा की । कुमार वृषसेन भी परिजन (नौकर चाकरों) द्वारा लाए गए दूसरे रथ पर चढकर फिर अर्जुन से युद्ध करने लगे ।

दुर्योधन—व सूत—वाह वृषसेन ! वाह !! । हाँ फिर क्या हुआ ? ।

सुन्दरक—तब महाराज ! कुमार ने कहा—अरे रे ! मेरे पिता की निन्दा करने में चपल पाण्डुपुत्र अर्जुन ! मेरे वाण तुम्हारे शरीर को छोड़कर अन्यत्र कहीं नहीं गिरेंगे (लक्ष्य च्युत नहीं होंगे) । ऐसा कहकर हजारों वाणों से अर्जुन के शरीर को ढँक दिया और सिंहनाद कर गर्जने लगा ।

दुर्योधन—(आश्चर्यपूर्वक) अहो ! भोलेस्वभाववाले इस वालक का अद्भुत पराक्रम है ! । (या इस वालक अवस्था में भी इसका ऐसा पराक्रम है !) । हाँ, फिर क्या हुआ ? ।

१ 'कुमालो वि' [कुमारोऽपि] । २ क्वचिन्न । ३ 'स्वभावेऽपि' ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सुन्दरकः--तदो अ देव ! तं सरसम्पादं समंवधूणिअ णिसिदसराभिघादजादमण्णुणा किरीटिणा गहिदा रहुच्छङ्गादो क्कणन्तकणअकिङ्किणीजालझङ्कारविराइणी मेहोवरोहविमुक्कणहत्थलणिम्मला णिसिदसामलसिणिद्धमुहीं विविहरअणप्पहाभासुरभीसणरणिज्जदंसणा सत्ती विमुक्का कुमालाहिमुही।

[ततश्च देव ! तं शरसम्पातं समवधूय निशितशराभिघातजातमन्युना किरीटिना गृहीता रथोत्सङ्गात्क्वणत्कनककिङ्किणीजालझङ्कारविराविणी मेघोपरोधविमुक्तनभस्तलनिर्मला निशितश्यामलस्निग्धमुखी विविधरत्नप्रभाभासुरभीषणरमणीयदर्शना शक्तिर्विमुक्ता कुमाराभिमुखी]।

दुर्योधनः—(सविषादम्) अहह ! ततस्ततः ? ।

विहाय । प्रच्छाद्य=पिधाय । समवधूय=निरस्य । निशितेति । तीक्ष्णबाणाभिघातकोपेनेत्यर्थः । रथोत्सङ्गात्=रथमध्यात् । क्वणदिति । शब्दायमानसुवर्णक्षुद्रघटिकापटलकलकलमुखरेत्यर्थः । मेघोपरोधेन=मेघावरणेन विमुक्तं=रहितं यन्नभस्तलं=गगनतलं तद्वन्निर्मला=स्वच्छा । नीलप्रभेति यावत्। निशितेति । तीक्ष्णश्यामचिक्कणमुखीत्यर्थः । विविधेति । विविधानां रत्नानां प्रभया कान्त्या भासुरा=दीप्यमाना, अतएव भीषणरमणीयदर्शना=भयानककान्तदर्शना । शक्तिः=शस्त्रभेदः ।

सुन्दरक—तब तो महाराज ! उस बाण वर्षा को तिरस्कृत कर तीखे २ बाणों के आघात से क्रुद्ध हो अर्जुन ने रथ के भीतर से—शब्दायमान, स्वर्ण की छोटी २ घुँघुरूओं से झनकार करती हुई, मेघरहित आकाश की तरह नीलप्रभा वाली, तीखे चमकीले नीले फलवाली, अनेक रत्नों से जड़ी हुई भीषण शक्ति कुमार पर फेंकी ।

दुर्योधन—(विषादपूर्वक) अहह ! तब क्या हुआ ? ।

---

१ 'अवधूणिअ'। २ क्वचिन्न ।

३ 'रहोत्सङ्गतो' । ['रथोत्सङ्गतो']।

annath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सुन्दरकः—तदो देव ! पज्जलन्तीं सत्तिं पक्खिअ विअलिअं अङ्गराअस्स हत्थादो ससरं धणु, हिअआदो वीरसुसलहो उच्छाहो, णअणादो बाप्पसलिलं पि। रसिदं अ सिंहणादं विओदरेण । दुक्करं दुक्करं दुक्करं त्ति आक्कन्दिदं कुरुवलेण।

[ततो देव ! प्रज्वलन्तीं शक्तिं प्रेक्ष्य विगलितमङ्गराजस्य हस्तात्सशरं धनुर्हृदयाद्वीरसुलभ उत्साहो, नयनाद्बाष्पसलिलमपि । रसितं च सिंहनादं वृकोदरेण । 'दुष्करं दुष्करं दुष्कर'मित्याक्रन्दितं कुरुबलेन]।

दुर्योधनः—(सविषादं) ततस्ततः ।

सुन्दरकः—तदो देव ! कुमालविससेणेण आकण्णपूरिदेहिं णिसिदक्खुरप्पबाणेहिं सुचिरं णिज्झइअ अद्धपहे एव्व भाई रही विअ आअच्छन्ती जधा भअददा विसमलीअणेण तधा तिधा किदा सत्ती।

[ततो देव! कुमारवृषसेनेनाकर्णपूरितैर्निशितक्षुरप्रबाणैश्चिरं निर्धार्या-

विमुक्ता=विसृष्टा । रसितं=निर्घोषः कृतः । दुष्करम्=इदमप्रतिविधेयमिति । अनुचितमिदमिति वा । आक्रन्दितं=परिदेवितम् । साश्रु भाषितमिति वा । क्षुरप्रो वाणभेदः । (खुरपा बाण) । निर्धार्य=निश्चित्य । विषमविलोचनेन=त्रिलोचनेन शम्भुना । भागीरथ्याः शिवेन दिवि भुवि पाताले च

सुन्दरक—तब देव ! प्रज्वलित व भयानक उस शक्ति को देखकर अङ्गराज के-हाथ से धनुष वाण, हृदय से वीर सुलभ उत्साह, आखों से आंसू ये सब साथ छूट गए। [उन्हें कुमार के वचन की आशा नहीं रही]। तब वृकोदर [भीमसेन] नें सिंह की तरह दहाड मारी। कुरुओं की सेना नें 'अनर्थ होगया, 'अनर्थ होगया' ऐसी करुण ध्वनि की ।

दुर्योधन—[दुःखपूर्वक] तब क्या हुआ ?।

सुन्दरक—तब तो महाराज ! कुमार वृषसेन ने भी कान तकखींच कर

१ कचिन्न । २ 'वअणादो हसिदम् । हसिदं अ धणंजएण, सिंहणादं विणादिदं विओदलेन अ' । [वचनतो हसितं । हसितं च धनञ्जयेन, सिंहनादं विनादितं च वृकोदरेण] । ३ 'खुरप्पेण' (क्षुरप्रेण) । ४ 'निर्धार्य' ।

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

र्धपथ एव भागीरथीवागच्छन्ती यथा भगवता विषमलोचनेन तथा त्रिधा कृता शक्तिः]।

दुर्योधनः—साधु वृषसेन ! साधु । ततस्ततः ।

सुन्दरकः—तदो अ देव ! एदस्सि अन्तले किद[1]कलकलमुहरेण बीरलोअसाहुवादेण अन्तरिदो समरतूरणिग्घोसो[2]। सिद्धचालणगणविमुक्ककुसुमप्पअरेण पच्छादिदं समलाङ्गणम्।

[ततश्च देव ! एतस्मिन्नन्तरे कृतकलकलमुखरेण वीरलोकसाधुवादेनाऽन्तरितः समरतूर्यनिर्घोषः । सिद्धचारणगणविमुक्तकुसुमप्रकरेण प्रच्छादितं समराङ्गणम्]।

[दुर्योधनः—अहो ! बालस्य पराक्रमः । ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः—तदो अ देव !] भणिअं[3] सामिणा अङ्गराएण-भो वीर विकोदल! असमत्तो तुह मह वि समल व्वावारो। ता अणु-

विहिता त्रिधा गतिरिति पुराणप्रसिद्धिः । 'त्रिधा भूत्वा गङ्गे ! दिवि भुवि च पातालभुवने सुरान्नृन्नागादीन्निजजलगतान् पावयसि या'नित्युक्तेः ।

छोड गए तीखे खुरपे की समान अग्र भागवाले बाणों से बडी सावधानी से काट कर आधे रास्ते में ही उस शक्ति को इस प्रकार तीन टुकडा कर दिया जिस प्रकार शिवजी ने भागीरथी गङ्गा को [स्वर्ग भूतल पाताल में जाने के लिए] त्रिपथगा [तीन गतिवालीं] कर दिया था।

दुर्योधन—वाह वृषसेन ! वाह !! हाँ, तब क्या हुआ ?।

सुन्दरक—तब तो महाराज ! वीरों के साधुवाद के कोलाहल से युद्ध के तूर्य (तुरही) ध्वनि भी छिप गई। आकाश से सिद्ध चारण गणों से वर्षाए गए फूलों से युद्ध का अङ्गण ढँक गया ।

दुर्योधन—वाह ! वाह !! बालक का भी ऐसा पराक्रम ! । तब क्या हुआ।

सुन्दरक—तब तो महाराज ! स्वामी अङ्गराज ने भीमसेन से कहा कि—हे वीर भीमसेन ! तुम्हारा हमारा युद्ध तो अभी समाप्त नहीं हुआ है । परन्तु थोडी देर की हमें विश्रान्ति दो । ताकि हम और तुम दोनों

१ क्वचिन्न । २ तूररवो' ['तूर्यरवः'] । ३ 'भणिअं' अ । [भणितं च]

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

मण्ण मं मुहुत्तअम् । पेक्खामहे दाव खणमेत्तं मह वस्सस्स तुह भादुणो अ धणुव्वेदसिक्खाचउरत्तणम्[2] । तुह वि एदं पेक्खणिज्जं'त्ति ।

[ततश्च देव ! भणितं च स्वामिनाऽङ्गराजेन—'भो वीर वृकोदर ! असमाप्तस्तव ममापि समरव्यापारः । तदनुमन्यस्व मां मुहूर्तम् ! । प्रेक्षावहे तावत्क्षणमात्रं मम वत्सस्य तव भ्रातुश्च धनुर्वेदशिक्षाचतुरत्वम् । तवाप्येतत्प्रेक्षणीयम्' इति] ।

दुर्योधनः[1]—ततस्ततः[1] ? ।

सुन्दरकः—तदो देवं[1] ! विस्समिदाओधणव्वावारा[3] मुहुत्तविस्समिदणिअवेराणुबन्धा दुवे वि पेक्खआ जादा भीमसेणाङ्गराआ !

[ततो देव ! विश्रमितायोधनव्यापारौ मुहूर्तविश्रमितनिजवैरानुबन्धौ द्वावपि प्रेक्षकौ जातौ भीमसेनाऽङ्गराजौ]।

दुर्योधनः—(साभिप्रायं) ततस्ततः ? ।

आयोधनं=युद्धम् ।

ही थोड़ी देर तक मेरे पुत्र वृषसेन के तुम्हारे भाई अर्जुन के साथ होनेवाले युद्ध में दोनों की धनुर्वेद की शिक्षा चातुरी को देख सकें । तुमको भी इसे देखने की इच्छा होगी ही ।

दुर्योधन—तब क्या हुआ ? ।

सुन्दरक—तब महाराज ! अपना २ युद्ध रोककर घड़ी भर परस्पर वैर को भूलकर कर्ण और भीमसेन ये दोनों भी प्रेक्षक हो उनका युद्ध देखने लगे ।

---

१ क्वचिन्न ।

२ 'निउणत्तणम्' [निपुणत्वम्] । ३ तदोविरदाओ रणव्वावारणिव्वन्धादो मुहुत्तअं प्पसमिदवेरा जादा दुवे वि अ पेक्खआ भीमसेणाङ्गराआ । [ततो विरतौ रणव्यापारनिर्वन्धान्मुहूर्त्तं प्रशमितवैरौ जातौ द्वावपि च प्रेक्षकौ भीमसेनाङ्गराजौ]।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

सुन्दरकः--तदो अ देव ! एदस्सिं अन्तरे सत्तिखण्डणाम-रिसिदेण गण्डीविणा एवं[1] भणिअम्--'अरे रे दुज्जोहणप्पमुहा......' (इत्यर्धोक्तौ[2] लज्जां[3] नाटयति)।

[ततश्च देव ! एतस्मिन्नन्तरे शक्तिखण्डनामर्षितेन गाण्डीविना एवं भणितम्--'अरे रे दुर्योधनप्रमुखाः !......'

दुर्योधनः--सुन्दरक ! कथ्यताम्। परवचनमेतत्।

सुन्दरकः--सुणादु देवो। 'अरे दुज्जोहणप्पमुहा कुरुबल-सेणापहुणो ! अविणअँणो[4]कण्णधार कण्ण ! तुह्मेहिं मह परोक्खं वहुहिं महारहेहिं पडिवारिअ एआई मम पुत्तओ अहिमण्णू व्वावादिदो। अहं उण तुह्माणं पेक्खन्ताणं एव्व कुमाल-विससेणं सुमरिदव्वसेसं करोमि' त्ति भणिअ सगव्वं आप्फा-लिदं णेण वज्जणिग्घादघोसभीसणजीआरवं गण्डीवम्। सामिणा वि सज्जीकिदं कालपुट्ठम्।

कृता=विहिता। कृत्तेति वा पाठः। विश्रामितेति। विश्रामितो-निरुद्धः उपशान्तो वा समरव्यापारः=प्रहारादिरूपो याभ्यां ययोर्वा तावित्यर्थः। प्रेक्षकौ=द्रष्टारौ। अन्तरे=अवसरे। मध्ये इति वा। कुरुबलसेनाप्रभवः=हे कुरुसेना-सेनापतयः। अविनय एव नौः=नौका, तस्याः कर्णधार इव।

दुर्योधन—(उत्सुकता पूर्वक) तब क्या हुआ ?।

सुन्दरक—तब तो महाराज ! अपनी शक्ति (सांग) के काट देने से क्रुद्ध हो अर्जुन ने कहा—अरे रे ! दुर्योधनप्रभृति........(ऐसा कहता हुआ बीच में ही लज्जित व भयभीत हो रुक जाता है)।

दुर्योधन—सुन्दरक ! कहते चलो, यह तो तुम दूसरे के कहे का अनुवाद कर रहे हो।

सुन्दरक—अच्छा तो देव ! सुनिए-अरे दुर्योधनप्रभृति कुरुसेना के सेना-पतियो ! अरे अविनयरूपी नौका के कर्णधार (पतवार पकडने वाले) कर्ण ! तुमलोगों नें बहुत से महारथियों नें मिलकर मेरे परोक्ष में मेरे छोटे बच्चे अभिमन्यु को घेरकर मारा था। परन्तु मैं तुमलोगों के देखते ही देखते इस कुमार वृषसेन को नामशेष

---

१ क्वचिन्न। २ 'अर्द्धोक्ते'। ३ 'भयं'। ४ 'णई' (नदी)।

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

[शृणोतु देवः । 'अरे दुर्योधनप्रमुखाः कुरुबलसेनाप्रभवः ! अविनयनौकर्णधार कर्ण ! युष्माभिर्मम परोक्षं बहुभिर्महारथैः परिवृत्यैकाकी मम पुत्रकोऽभिमन्युर्व्यापादितः । अहं पुनर्युष्माकं प्रेक्षमाणानामेवैतं कुमारवृषसेनं स्मर्तव्यशेषं करोमि' । –इति भणित्वा सगर्वमास्फालितमनेन वज्रनिर्घातघोषभीषणजीवारवं गाण्डीवम् । स्वामिनाऽपि सज्जीकृतं कालपृष्ठम्] ।

दुर्योधनः—(सावहित्थं) ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः—तदो अ देव ! पडिसिद्धभीमसेणसमलकम्मालम्भेण गण्डीविणा विरइदा अङ्गराअविससेणरहकूलंकसाओ दुवे बाणणदीओ । तेहिं वि दुवेहिं अण्णोण्णदंसिदसिक्खाविसेसेहिं अभिजुत्तो सो दुराआरो मज्झमपण्डवो ।

[ततश्च देव ! प्रतिषिद्धभीमसेनसमरकर्मारम्भेण गाण्डीविना विर-

परिवृत्य=मिलित्वा। एकीभूय। व्यापादितः=हतः। स्मर्तव्यशेषं=यमातिथिम्। करोमि=विदधे। व्यापादयामीति यावत्। आस्फालितम्=उत्थापितम्। टङ्कारितं वा। वज्रेति। वज्रपातध्वनिभीषणज्यारवमित्यर्थः। स्वामिना=कर्णेन। कालपृष्ठं नाम कर्णस्य धनुः। सावहित्थं=स्वाकारगोपनपूर्वकम्। 'अवहित्थाऽऽकारगुप्तिः' इत्यमरः। प्रतिषिद्धः=निवारितो भीमसेनस्य समरकर्मारम्भो

करता हूँ (इसका वध करता हूँ) । ऐसा कह कर बड़े गर्व से अर्जुन ने वज्र के गिरने के समय होने वाली कडकडाहट की तरह भीषण जिसकी प्रत्यञ्चा की ध्वनि है ऐसे अपने गाण्डीवधनुष को ताना (उठाया, खींचा) । तब अङ्गराज ने भी कालपृष्ठ नामक अपने धनुष को ताना ।

दुर्योधन—(अपनी घबडाहट को छिपाते हुए) तब क्या हुआ ? ।

सुन्दरकः—तब महाराज ! अर्जुन ने भीमसेन को तो युद्ध से अलग कर दिया और स्वयं उसने एक तो वृषसेन के रथ की ओर, दूसरी कर्ण के रथ की

---

१ कचिन्न ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Ne

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

चिते अङ्गराजवृषसेनरथकूलंकषे द्वे बाणनद्यौ । ताभ्यामपि द्वाभ्यामन्योन्य-दर्शितशिक्षाविशेषाभ्यामभियुक्तः स दुराचारो मध्यमपाण्डवः] ।

दुर्योधनः—ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः—तदो अ देव ! गण्डीविणा ताररसिदजीआणिग्घोसमेत्तविण्णादबाणवरिसेण तह आअरिदं पत्तिहिं जह ण णहत्तलं ण सामी ण रहो ण धरणी ण कुमालो ण केदुवंसो ण बलाइं ण सारही ण तुलङ्गमा ण दिसाओ ण वीरलोओ अ लक्खी अदि ।

[ततश्च देव ! गाण्डीविना ताररसितज्यानिर्घोषमात्रविज्ञातबाणवर्षेण तथाऽऽचरितं पत्रिभिर्यथा न नभस्तलं न स्वामी न रथो न धरणी न कुमारो न केतुवंशो न बलानि न सारथिर्न तुरङ्गमा न दिशो न वीरलोकश्च लक्ष्यते] ।

येनासौ तेन । रथयोः कूलमिव कूलं प्रान्तभागं कषतः–हिंस्त इति रथकूलङ्कषे । बाणानां नद्यौ–बाणनद्यौ । ताभ्यां=कर्णवृषसेनाभ्याम् । अन्योन्येति । परस्परप्रदर्शितशिक्षाकौशलाभ्याम् । अभियुक्तः=आक्रान्तः । तारं-दीर्घं रसितं=ध्वनिर्यस्यासौ तथाविधो यो ज्यानिर्घोषः=मौर्वीनिर्घोषः, तेनैव विज्ञातं=बाणानां वर्ष—वृष्टिर्यस्याऽसौ तथाभूतेन । शीघ्रकारितया सन्धानं मोक्षश्च प्रत्यक्षं बाणानां न ज्ञायते, किन्तु ज्यारवेणानुमीयते इति भावः । पत्रिभिः=बाणैः । 'पत्री रोप इषुर्द्वयोः' इत्यमरः ।

ओर बाणों की वर्षा से दो बाणों नदियाँ ही उत्पन्न कर दी । उन दोनों (कर्ण वृषसेन) ने भी परस्पर शिक्षा की कुशलता को दिखाते हुए अर्जुन पर आक्रमण किया।

दुर्योधन—तब क्या हुआ ? ।

सुन्दरक—तब तो महाराज ! अर्जुन ने बाणों की झडी लगा दी, और प्रचण्डध्वनिवाली प्रत्यञ्चा के निर्घोष से ही बाण की वर्षा मालूम होती थी के शीघ्रता से कारण बाण का चढाना छोडना मालुम नहीं होता था । और अर्जुन ने बाणों की वर्षा में ऐसी कुशलता दिखाई 'कि न आकाश, न कर्ण, न उनका

nnath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, N

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

दुर्योधनः—(सविस्मयं) ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः-तदो अ देव ! खणमेत्तं एव अदिक्कन्ते सरसंपादे[1] सहरिससिंहणादे पण्डवबले[2], सविसादविमुक्काक्कन्दे[3] कोरवबले उत्थिदो महन्तो कलअलो 'हा हदो कुमालविससेणो हा हदो' त्ति ।

[ततश्च देव ! क्षणमात्रमतिक्रान्ते शरवर्षे सहर्षसिंहनादे पाण्डवबले[2], सविषादविमुक्ताक्रन्दे कौरवबले[2], उत्थितो महान्कलकलो 'हा हतः कुमारवृषसेनो, हा हत' इति] ।

दुर्योधनः—(सबाष्पपरोधं[4]) ततस्ततः ? ।

सुन्दरकः—तदो अ[2] देव ! कुमालं हदसारहितुलङ्गं[5] लूणादवत्तचावचामरकेदुवंसं[2] सग्गप्पब्भट्टं विअ सुलकुमालं एक्केण ज्जेव मम्मभेदिणा सिलीमुहेण भिण्णदेहं रहमज्झे परिट्ठिदं[6] महन्तीए वेलाए पेक्खिअ अहं आअदो ।

[ततश्च[2] देव ! कुमारं हतसारथितुरङ्गं लूनातपत्रचापचामर-

हतः सारथिस्तुरङ्गाः-अश्वाश्च यस्य तम् । लूनं=छिन्नम् । आतपत्रं=

रथ, न पृथिवी, न कुमार वृषसेन, न ध्वजा का वांस, न सेना, न सारथि, न घोडे, न दिशाएं, न सेना के वीर लोग ही दिखाई पडते थे । सब छिप गए !

दुर्योधन—(आश्चर्य से) तब क्या हुआ ? ।

सुन्दरक—तब तो देव ! जब बाणों की वर्षा शान्त हुई तब क्षणमात्र में ही पाण्डव सेना की ओर हर्ष ध्वनि उठी, कौरवों की सेना में रोना पीटना मच गया, और 'हाय कुमार वृषसेन मारा गया' यह कोलाहल सुनाई पडा ।

दुर्योधन--(आँसुओं को किसी तरह रोककर) तब क्या हुआ ? ।

सुन्दरक--तब तो देव ! मैने वहाँ जाकर देखा कि कुमार के सारथि और

१ 'सरवरिसे' [शरवर्षे] । २ क्वचिन्न । ३ 'सैन्ये' । ४ ('सबाष्परोधम्') । ५ 'हतसारथितुरङ्गं' । ६ 'पल्लत्थं' (पर्यस्तं) ।

Jagannath Bhattarai Collection. Nagarjun-7, Kathmandu, Nepal

CC-0. Digitized by eGangotri and MIDF- Delhi

केतुवंशं स्वर्गप्रभ्रष्टमिव सुरकुमारमेकेनैव मर्मभेदिना शिलीमुखेन भिन्न-देहं रथमध्ये परिस्थितं[1] महत्या वेलया प्रेक्ष्याऽहमागतः]।

राजा—सुन्दरक[2] ! अलमिदानीं कथितेन । (सास्रम्)। हा वत्स वृषसेन ! क्वासि ?। देहि मे प्रतिवचनम्।

(इति मोहमुपागतः[3])

सूतः—समाश्वसिहि समाश्वसिहि ।

राजा[4]—(उत्थाय सकरुणं) हा वत्स वृषसेन ! हा मदङ्क-दुर्ललित ! हा मदाज्ञाकारक ! हा गदायुद्धप्रिय ! हा शौर्यसागर ! हा राधेयकुलप्ररोह ! हा प्रियदर्शन ! हा दुःशासननिर्विशेष ! हा सर्वगुरुवत्सल ! प्रयच्छ मे प्रतिवचनम्।

छत्रम् । केतुवंशः=ध्वजदण्डः । परिस्थितं=निपतितम् । प्रेक्ष्याहमागत इत्य-न्वयः । 'रथोत्सङ्गाद्धरातलं लुठित'मिति क्वाचित्कः पाठः । मदङ्कदुर्ललित= मदुत्सङ्गप्रणयिन् । राधेयकुलप्ररोह=कर्णवंशाङ्कुरभूत । दुश्शासननिर्विशेष=

घोडे मारे गये हैं, छत्र वाण चामर एवं रथकी ध्वजा का दण्ड भी कट गया है, और कुमार भी स्वर्ग से गिरे हुए देवकुमार की तरह मालुम पडते थे। और मर्मभेदी एक वाण उनकी छाती में चुभा हुआ था आर वे रथ के बीच में पड़े हुए थे। बहुत देर तक इस प्रकार देखकर मैं यहाँ चला आया हूँ।

दुर्योधन—सुन्दरक ! अब आगे कहने की आवश्यकता नहीं है। (आँखों में आंसू भरकर) हाय ! कुँवर वृषसेन ! कहाँ हो, बोलो तो सही।

(ऐसा कह कर मूर्च्छित हो जाता है)।

सूत—महाराज ! धीरज धरिए, धीरज धरिए।

राजा—(उठकर बड़ी करुणा से) हाय वत्स वृषसेन ! हाय मेरे गोद

